# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–216 । सागर, सोमवार, 25 सितंबर 2023 । पृष्ठ –10 । मूल्य – 3.00 रुपए

भरछा गांव के लोगों ने कहा रोड़ नहीं तो वोट नहीं — पृष्ठ 2
▪ जुल्म सब पर बढ़ रहा है और राहुल सबके साथ खड़े हैं ▪ आम चुनाव को लेकर पाकिस्तानी नागरिकों में कोई उत्साह नहीं — पृष्ठ 5
▪ सरकारी रास्ते पर लगाई तार फेंसिंग — पृष्ठ 6
2 महिलाओं की करंट लगने से मौत — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### महाराष्ट्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों को मुआवजे की घोषणा

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को 10,000 रुपए और भारी नुकसान झेलने वाले दुकानदारों को 50,000 रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित स्टाल मालिकों को 10,000 रुपए तक देने की घोषणा की। राज्य सरकार सीवेज हटाने के लिए धन भी उपलब्ध कराएगी। सभी आपातकालीन और बचाव टीमों के साथ-साथ प्रशासनिक मशीनरी को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची राजधानी

**समस्तीपुर, एजेंसी।** नई दिल्ली से गुवाहाटी जा रही 20504 राजधानी एक्सप्रेस रविवार को समस्तीपुर-रोसड़ा रेलखंड पर दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर हादसा होने से बचा लिया। हालांकि अचानक ब्रेक लगाए जाने से इंजन का कैपलर पाइप फट गया, जिससे ट्रेन मौके पर ही रुक गई। बाद में ट्रेन को स्लो स्पीड से रोसड़ा स्टेशन तक ले जाया गया जहां इंजन के कैपलर पाइप को ठीक किया गया और फिर ट्रेन को कटिहार के लिए रवाना किया जा सका। इस दौरान ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक रोसड़ा स्टेशन पर रुकी रही।

### मणिपुर से सटी म्यांमार सीमा की फेंसिंग करने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-म्यांमार सीमा के एक बड़े हिस्से पर फेंसिंग करने की योजना पर बैठक हुई। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों ने फेंसिंग करने की योजना पर एक साथ बैठक की। मुख्यमंत्री द्वारा मीडिया को दिए बयान के बाद इस बैठक का आयोजन किया गया है। बीरेन सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन और नशीली दवाओं की तस्करी में बढ़ोतरी हुई है। हमारी खुली सीमाओं की सुरक्षा एक तत्काल आवश्यकता बन गई है। सूत्रों की माने तो मणिपुर म्यांमार के साथ 398 किलोमीटर की लंबी सीमा साझा करता है। जिसमें से केवल 6 किलोमीटर के आसपास ही फेंसिंग की गई है।

### चंद्रबाबू नायडू की रिमांड 5 अक्तूबर तक बढ़ी

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने कथित कौशल विकास घोटाले के मामले में टीडीपी प्रमुख और पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की रिमांड पांच अक्तूबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले विजयवाड़ा में एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री की रिमांड को दो दिनों के लिए बढ़ा दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट में भी नायडू की प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका को भी खारिज कर दी थी। चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम के धन का दुरुपयोग करने के आरोप में नौ सितम्बर को गिरफ्तार किया गया था। इसके कारण सरकारी खजाने को कथित रूप से 300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। नायडू अभी राजामहेंद्रवरम केंद्रीय जेल में बंद हैं।

### हैदराबाद एयरपोर्ट पर 99.57 लाख के सोने के साथ 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैदराबाद एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1,633 ग्राम सोने की तस्करी के आरोप में तीन अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सोने की कीमत लगभग 99.57 लाख रुपए है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा कि आरोपियों को प्रोफाइलिंग के आधार पर पकड़ा गया है। आरोपी शनिवार को रसल खैमा से हैदराबाद एयरपोर्ट पर पहुंचे। अधिकारी ने कहा कि सोना उनके चेक-इन लगेज के अंदर छुपा हुआ था। अधिकारी ने कहा, 'हमें उनके सामान की जांच करने पर 1,633 ग्राम सोना मिला, जिसकी कीमत करीब 99.57 लाख रुपये है। आरोपी सोने की तस्करी कर रहे थे।

### तेलंगाना में मोदी भाजपा के अभियान की करेंगे शुरुआत

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता राज्य का दौरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 1 अक्टूबर को राज्य का दौरा करने वाले हैं। तेलंगाना में बीजेपी के अभियान की शुरुआत के लिए पीएम मोदी यहां एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी महबूबनगर जिले के भूतपुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे।

## राज्य स्तरीय कोटवार पंचायत में मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं

# कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय मिलेंगे 1 लाख रुपए



▪ जिनके पास सेवा भूमि नहीं है उन कोटवारों को 8 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे ▪ खाकी होगा बर्दी का रंग ▪ सरकार देगी सीयूजी सिम मिलेगी ▪ स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा ▪ हर वर्ष होगा सम्मेलन

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय एक लाख रुपए की राशि मिलेगी। कोटवारों को मिलने वाली राशि में अब हर साल पांच सौ रुपए बढ़ते चले जायेंगे। ऐसे कोटवार जिनके पास सेवा भूमि नहीं है उन्हें 4 हजार के स्थान पर 8 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। ऐसे कोटवार जिनके पास 3 से 7.5 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें 600 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 1200 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। ऐसे कोटवार जिनके पास 7.5 एकड़ से 10 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें पर न्यूनतम मानदेय एक हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा। इसमें समय-समय वृद्धि भी होगी। जिनके पास 3 एकड़ तक की सेवा भूमि है उन्हें वर्तमान में मिल रहे एक हजार रुपए के स्थान पर 2000 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।

भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय कोटवार सम्मेलन में कोटवारों के हित में ये घोषणाएँ करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम कोटवार राजस्व प्रशासन के रीढ़ की हड्डी हैं। वे सूचनाओं को अपडेट करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ओला, पाला, खेतों में इल्ली, सूखा और अन्य आपदाओं की जानकारी देने का महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं। इनके जीवन की कठिनाईयों को दूर करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ने कहा कि कोटवारों को सीधे मुख्यमंत्री निवास से जोड़कर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त करने का माध्यम भी बनाया जाएगा। इसके लिए विशेष अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि कोटवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। उनकी वर्दी का रंग अब खाकी होगा। कोटवार पद पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से छूट रहेगी। प्रत्येक कोटवार को सीयूजी सिम मिलेगी। इसका रिचार्ज भी राज्य सरकार करेगी। कोटवार परिवार की हर बहन को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा। कोटवारों का प्रतिवर्ष सम्मेलन होगा।

### गांव के गूगल हैं कोटवार

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोटवार का पद छोटा है लेकिन उनका दायित्व बड़ा है। कोटवार ग्राम देवता हैं। वे गाँव के गूगल हैं। कोटवार की जानकारी के बिना कोई कार्यवाही आगे नहीं बढ़ती। कोटवार से ग्राम की सब जानकारी मिल जाती है। वे इसलिए चलते-फिरते गूगल हैं। सही मायने में कोटवार जमीन से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने ग्राम में बचपन में जागते रहो की रात के समय आवाजें सुनी हैं। कोटवार इसलिए जागते हैं, सावधान करते रहते हैं, जिससे ग्राम सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोटवार ग्राम में मुनादी का कार्य भी करते हैं। हर विभाग की सही जानकारी कोटवार ही देते हैं। वे जन्म-मृत्यु सूचना भी देते हैं, प्राकृतिक आपदा की बात बताते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोटवार, सीमांकन का आंकड़ा देते हैं। पुलिस विभाग भी कोटवार से प्राप्त पहली सूचना के आधार पर कार्य करती है। ग्राम की कुंडली कोटवार के पास रहती है। तहसील में हर महीने बैठक में जानकारी देते हैं। निर्वाचन की ड्यूटी में भी कोटवार मददगार हैं।

## महाकुंभ के लिए सजी राजधानी

# भाजपा का कार्यकर्ता महाकुंभ आज, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे संबोधित



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां जंबूरी में कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करेंगे। भाजपा ने इस महाकुंभ के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। श्री मोदी प्रदेश के 5 विभिन्न अंचलों से निकाली गई जन आशीर्वाद यात्राओं का भी कल औपचारिक समापन भी करेंगे। यह यात्राएं करीब 11 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर शुक्रवार को ही समाप्त हो गईं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ता महाकुंभ को लेकर पार्टी में भारी उत्साह है। प्रदेश भर से 10 लाख कार्यकर्ता इस महाकुंभ में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। महाकुंभ के लिए राजधानी को सजाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री करीब 11 बजे भोपाल पहुंचेंगे और महाकुंभ में शामिल होकर 1 बजे प्रस्थान करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के भेल क्षेत्र में स्थित जम्बूरी मैदान पहुंचकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के सोमवार को हो रहे कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जम्बूरी मैदान पर मंच, बैठक व्यवस्था, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जम्बूरी हेलीपेड का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के बाद मीडिया को बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए भोपाल और मध्यप्रदेश तैयार है। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सांसद वीडी शर्मा, जनप्रतिनिधि और कमिश्नर भोपाल डॉ पवन शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मन की बात कार्यक्रम में बोले मोदी

# भारत ने मनवाया अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 और जी-20 समिट की सफलता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जी-20 के शानदार आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया। भारत मंडपम तो अपने आप में एक सेलिब्रिटी की तरह हो गया है। लोग उसके साथ सेल्फी खिंचा रहे हैं और गर्व से पोस्ट भी कर रहे हैं। भारत ने इस समिट में अफ्रीकन यूनियन को जी-20 में पूर्ण सदस्य बनाकर अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में जर्मनी की एक लड़की की भी चर्चा की। वो देख नहीं पाती, लेकिन संस्कृत के श्लोक इतने आसानी से गाती हैं जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह जाए। पीएम ने कार्यक्रम में 27 सितम्बर को होने वाले विश्व पर्यटन दिवस और शांति निकेतन-होयसड़ा मंदिर की भी चर्चा की।

### जंगली जीवन को बचाने पर साझा किया मंत्र

प्रधानमंत्री ने जंगली जीवन की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि बीते कुछ वर्षों में देश में शेर, बाघ, तेंदुआ और हाथियों की संख्या में उत्साहवर्धक बढ़ोतरी देखी गई। कई और प्रयास भी निरंतर जारी हैं, ताकि दूसरे जीव-जंतुओं को बचाया जा सके। हमारे शास्त्रों में कहा गया है जीनेषु करुणा चापि, मैत्री तेषु विधीयताम्। अर्थात, जीवों पर करूणा कीजिए और उन्हें अपना मित्र बनाइए। हमारे तो ज्यादातर देवी-देवताओं की सवारी ही जीव-जन्तु हैं।

### गांधी जयंती पर की श्रमदान करने की अपील

मोदी ने लोगों से सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से एक घंटे के लिए श्रमदान करें। यह गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर बापू को स्वच्छांजलि होगी। मोदी ने लोगों से समय निकालकर इस अभियान से जुड़ने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग अपनी गली, आस-पड़ोस, किसी पार्क, नदी, झील या किसी सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता अभियान में शामिल हों। मोदी ने कहा कि दिल्ली में जी-20 समिट के दौरान उस दृश्य को भला कौन भूल सकता है, जब कई वैश्विक नेता बापू को श्रद्धासुमन अर्पित करने एक साथ राजघाट पहुंचे।

## टिकट कटने के सवाल पर भड़के बृजभूषण

# जरूरत पड़ने पर कर सकता हूं मारपीट



**लखनऊ/बाराबंकी, देशबन्धु।** सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बाराबंकी में अपना रसूख उस वक्त दिखा दिया जब उनसे टिकट कटने का सवाल किया गया। इस सवाल पर ब्रज भूषण शरण सिंह भड़क गए और कहने लगे, कौन कटवा रहा है मेरा टिकट उसका नाम बताओ, आप काटोगे, काट पाओ तो काट लेना। इसके बाद उन्होंने मंच से चुटीले लहजे में कहा कि वह क्रिकेट, कबड्डी, बालीवॉल, बैडमिंटन समेत सारे गेम्स खेल सकते हैं और अगर जरूरत पड़ गई तो वह मारपीट भी कर सकते हैं। दरअसल उप्र के बाराबंकी जिले में रविवार से भगवान आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 22वां क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के लिए भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह आये थे। अपने बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहने वाले भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने आज एक बार फिर बड़ी बात कही। उन्होंने टिकटने के सवाल पर मीडिया को ही अपना रसूख दिखाने की कोशिश की।

### दानिश अली को भी अपने गिरेबान में झांकना चाहिए

वहीं संसद में चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी और बसपा सांसद दानिश अली के बीच असंसदीय भाषा के प्रयोग पर सांसद बृजभूषण ने कहा कि सांसद बिधूड़ी ने जो कहा उसके लिए गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांगी, लेकिन दानिश अली को भी अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। सांसद बृजभूषण ने कहा कि संसद में हुई इस घटना के लिए जितना जिम्मेदार बिधूड़ी हैं, उतना ही दानिश अली भी। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे प्रधानमंत्री बोल रहे हों या गृहमंत्री, दानिश अली रनिंग कमेंट्री जरूर करते हैं यह ठीक नहीं। इस मौके पर भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष हुआ। आपको बता दें कि यह क्रिकेट टूर्नामेंट 22 अक्टूबर तक रोजाना चलेगा, जिसमें 28 टीम में प्रतिभा कर रही हैं।

## बीआरओ परियोजनाओं में श्रमिकों की मौत पर सरकार का ऐलान

# शवों को सुरक्षित घर पहुंचाएगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के जिन दिहाड़ी श्रमिकों की काम के दौरान मौत हो जाती है, उनके पार्थिव शरीर सरकारी खर्च पर उनके घर पहुंचाए जाएंगे। सिंह ने सोशल मीडिया पर हिंदी में एक पोस्ट कर घोषणा की।

रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले एक बयान में कहा कि राजनाथ सिंह ने जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (जीआरईएफ) के कर्मचारियों को मिलने वाली उस सुविधा को वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को भी देने का फैसला किया है, जिसके तहत उनके शवों के संरक्षण और परिवहन की सुविधा भी दी जाती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सभी श्रमिकों के कल्याण के प्रति संवेदनशील है। इसको ध्यान में रखते हुए रक्षा मंत्रालय में यह निर्णय लिया गया है कि बीआरओ के प्रोजेक्ट्स के निर्माण कार्य के दौरान अल्प अवधि के लिए काम करने वाले श्रमिकों की यदि किसी कारण से मृत्यु हो जाती है तो उनका पार्थिव शरीर उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया जायेगा । राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्थिव शरीर को उनके घर पहुंचाने में होने वाले खर्च को सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि उनके अंतिम संस्कार पर खर्च की जाने वाली राशि भी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि देश की सीमा पर और उससे सटे दूरदराज के इलाकों में सड़क बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों का महत्व किसी सैनिक से कम नहीं है। इसलिए यह फैसला लिया गया है।

### यह भी सुविधा

मंत्रालय ने बयान में कहा कि सिंह ने सीपीएल के लिए अंतिम संस्कार खर्च को 1,000 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपए करने को भी मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया है कि बीआरओ परियोजनाओं के अंतर्गत काम करने के दौरान किसी सीपीएल की मृत्यु होने की स्थिति में सरकार द्वारा उसके अंतिम संस्कार का खर्च वहन किया जाएगा। हालांकि, इसके लिए शर्त है कि व्यक्ति का अंतिम संस्कार कार्यस्थल पर ही किया जा रहा हो।

## विधानसभा चुनावों को लेकर राहुल गांधी ने किए बड़े दावे

# मप्र व छग में कांग्रेस की जीत पक्की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी चुनावों को लेकर बड़े दावे किए। दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने दावा किया है इसी साल होने वाले पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रही है। तेलंगाना जीत सकते हैं। राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी। कांग्रेस नेता ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के समय को लेकर केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें महिला आरक्षण और दशकीय जनगणना या परिसीमन अभ्यास के बीच कोई संबंध नजर नहीं आता। महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा की 33 प्रतिशत सीटें आबंटित करके महिला आरक्षण विधेयक आज लागू किया जा सकता है। राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं राजनीतिक व्यवस्था में उस तरह से हिस्सा नहीं ले रही हैं, जिस तरह उन्हें लेना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पर जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई हथकंडे अपनाती है। रमेश बिधूड़ी का संसद में दूसरे सांसद को गाली देना और एक देश-एक चुनाव का विचार लाना उन्हीं में से एक है। राहुल ने यह भी कहा कि जब भी संसद में कोई बात रखी जाती है, तो वे ध्यान भटकाने के लिए ऐसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। हमने सीख लिया है, इससे कैसे निपटना है। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी अलायंस इंडिया चीजों के साथ खुद को ढाल रहा है और एक साथ काम कर रहा है। विपक्ष के साथ भारत की 60 प्रतिशत आबादी है। हम निश्चित रूप से 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को सरप्राइज देने वाले हैं। राहुल ने दावा किया कि उनकी पार्टी ऐसी स्थिति में ढल रहे हैं जहां भाजपा मीडिया को नियंत्रित करती है।

**राजस्थान में करीबी मुकाबला व तेलंगाना भी जीत सकते हैं**



कांग्रेस नेता ने कहा कि कम्युनिकेशन आर्किटेक्चर पर भाजपा का इतना कब्जा है कि लोगों से बात करना प्रैक्टिकली असंभव है। भाजपा ने चाहे कितनी भी ताकत लगा ली हो, मीडिया ने कितना भी तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश की, लेकिन यह काम नहीं आया। यह समस्या सिर्फ भारत में नहीं है। इसका सामना दुनिया भर में हो रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्टों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार विशेष सत्र लेकर आई। वे इंडिया को भारत में बदलना चाहते थे, लेकिन उन्हें एहसास हुआ कि लोगों को यह पसंद नहीं आएगा, इसलिए इसे पीछे करके इसे लेकर आए। मणिपुर संघर्ष के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार का पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा वहां नफरत की राजनीति कर रही है। इसने मणिपुर राज्य को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा मैंने अपने पूरे जीवन में मणिपुर में जो देखा वह कभी नहीं देखा। 'इंडिया गठबंधन' और एकजुट विपक्षी दलों के लचीलेपन के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए गांधी ने कहा सभी चुनौतियों के बीच, हम (इंडिया गठबंधन) एकजुट हुए हैं और मैंने विपक्ष को पहले कभी इस तरह काम करते नहीं देखा इतने लचीलेपन के साथ क्योंकि हम एक राजनीतिक दल से लड़ रहे हैं लेकिन भारत के विचार का बचाव कर रहे हैं, इसीलिए हमने अपने गठबंधन का नाम आईएनडीआईए रखा है।

### कर्नाटक चुनाव से बहुत जरूरी सबक सीखा

कर्नाटक चुनाव से सबक सीखकर पार्टी का नैरेटिव बनाया राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव से बहुत जरूरी सबक सीखा है कि भाजपा ध्यान भटकाती है। वह हमें अपना नैरेटिव बनाने से रोकती रही। इसी तरह पिछले कई चुनाव जीतती आई। इससे ही सबक लेकर हमने अपनी पार्टी का नैरेटिव बनाते हुए कर्नाटक का चुनाव लड़ा था। राहुल ने बताया कि हमने कर्नाटक की जनता को एक सीधा-सीधा दृष्टिकोण दिया कि उनके लिए कई सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम हैं, जिन्हें लागू किया जा रहा है। और इसी तरह हम नैरेटिव को कंट्रोल कर पाए।

### एक देश, एक चुनाव ध्यान भटकाने वाली रणनीति

वन नेशन, वन इलेक्शन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह भाजपा की ध्यान भटकाने वाली रणनीतियों में से एक है। भारत में मुख्य मुद्दे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और निचली जाति, ओबीसी व आदिवासी समुदायों के प्रति भारी अन्याय हैं। उन्होंने कहा कि अब हम एक राजनीतिक दल से नहीं लड़ रहे हैं, हम भारत के विचार की रक्षा करने के लिए लड़ रहे हैं और इसलिए हमने अपना नाम इंडिया रखा है। भारत में असली मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी, निचली जाति, ओबीसी और आदिवासियों से अन्याय और महंगाई हैं। भाजपा उनसे मुकाबला नहीं कर सकती। इसलिए कहती है आइए बिधूड़ी जी एक बयान दें। आइए एक साथ आएं और एक साथ चुनाव कराएं। आइए भारत का नाम बदलें। ये सब ध्यान भटकाने वाला है। हम इसे जानते-समझते हैं। और हम उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे।

## सार-समाचार

### तत्त्वार्थसूत्र का पाठशाला के बच्चों ने किया वाचन



**मालथौन, देशबन्धु।** जैन धर्म के चल रहे पर्युषण पर्व के षष्टम दिवस क्षुल्लक श्री विश्वप्रभु सागर के सानिध्य में सयंम धर्म की आराधना हुई उन्होंने संयम धर्म पर धर्मसभा को समझाया। रविवार को भक्तामर महामंडल विधान संपन्न हुआ। जिसके पुण्यार्जक शीलचंद्र राकेश कठरया परिवार सहित समाज ने शामिल महामंडल विधान में अर्घ्य समर्पित कुए। मंजू सतभैया ने बताया कि बड़ा जैन मंदिर में पाठशाला के बच्चों द्वारा तत्त्वार्थसूत्र का संस्कृत में वाचन किया गया। प्रभात बेला में श्रीजी का अभिषेक पूजन अर्चन हुआ। गंज मंदिर में प्रातः बेला में श्रीजी का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सेठ संजय कुमार, राजेन्द्र कुमार कलरैया को प्राप्त हुआ इसके उपरांत शांति धारा का सौभाग्य राजेन्द्र चौधरी, प्रदीप प्रांशु चौधरी को मिला। इसके पश्चात सामूहिक नित्य पूजन हुआ। पर्यषण पर्व पर नगर के तीनो जैन मंदिरों में भक्तिभाव पूर्ण रूप से महापर्व मनाया जा रहा हैं सकल समाज तीनों मंदिरों की वंदना कर दर्शनलाभ अर्जित कर रहे है। अनेक श्रावकगण उपवास और एकासन व्रत रखें हुए हैं।

### आचार्य उमा स्वामी द्वारा छठवीं शताब्दी में रचित तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ का पर्यूषण पर्व में हो रहा है वाचन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैसे सनातन धर्म में गीता का, इसाई में बाइबल का, मुस्लिम धर्म में कुरान, सिख में गुरु ग्रंथ साहिब का महत्व है इस प्रकार जैन धर्म में तत्वार्थ सूत्र का महत्वपूर्ण स्थान है यह बात मुनि श्री विशुद्ध सागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने बताया आचार्य उमा स्वामी द्वारा छठवीं शताब्दी में रचित तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ जैन दर्शन का प्रथम सूत्र ग्रंथ है जो की संस्कृत में है और प्रत्येक जैन मंदिर में पर्युषण के दौरान तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ की वाचना होती है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया इस संदर्भ में मुनि संघ से उच्चारण सीख करके समाज के बच्चे, युवक, युवतियां, महिलाएं पुरुष सभी तत्वार्थ सूत्र का वाचन कर रहे हैं, जो की चतुर्दशी तक चलेगा। तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ में जैन दर्शन में विभिन्न सैद्धांतिक सूत्र जीव, अजीव, आश्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष सात तत्वों का वर्णन मुख्यता से किया गया है। तत्वों का वर्णन करने से इसका नाम तत्वार्थ सूत्र पड़ा है। तत्वार्थ सूत्र का वाचन सभी तक वाचन ने किया।

### संकल्प शक्ति ही युवा बनाती है: डॉ ज्ञानेश



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस पर आयोजित भारत का नवनिर्माण और युवा भारत विषय पर ऑनलाइन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मनोविज्ञान विभाग के डॉ. ज्ञानेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित स्वयंसेवकों से संवाद करते हुए कहा कि युवाओं के समर्पण, संप्रेषण, चरित्र और आत्मविश्वास से आधार पर ही कोई देश विश्वगुरु हो सकता है। आज भारत में युवाओं की सर्वाधिक जनसंख्या है। जिसका उपयोग विकास के लिए किया जाना चाहिए। युवाओं को मनो वैज्ञानिक रूप से मजबूत होना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने संबोधित करते हुए बताया कि आज भारत दुनिया के पटल पर एक समाधान है। देश में 35 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या लगभग 65 प्रतिशत है। इस आधार पर समूची दुनिया भारत को एक समाधान के रूप में देखती है। ऊर्जावान युवा ही सामाजिक सद्भाव, समानता और शिक्षा के विकास के लिए जमीन तैयार कर सकता है। ऐसा करके ही युवा नए भारत का निर्माण कर सकेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्यां में स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कुशाग्र सिंह ने किया और आभार रोशनी ने माना।

### महाराष्ट्र समाज द्वारा गणेश उत्सव के दौरान किए जा रहे विभिन्न प्रकार की आयोजन

**बीना, देशबन्धु।** महाराष्ट्र समाज द्वारा गणेश उत्सव का 83 वर्ष बड़े हर्षोल्लाह से मनाया जा रहा है जिसमें स्थानीय गायन अंताक्षरी प्रतियोगिता परिचर्चा फन डे आनंद मेला जिसमें प्रत्येक परिवार द्वारा विभिन्न व्यंजनों को घर से बनाकर लाया जाता है तथा स्टॉल लगाकर आयोजन किया जाता है तथा सभी व्यंजनो का रसास्वादन करते है। बाल मेला में बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस नृत्य भजन गाने गाए जाते हैं रविवार को प्रातः काल बच्चों के खेल जिसमें समाज के वरिष्ठ अभय आचवल द्वारा बच्चों का परिचय लिया गया और कुर्सी रेस, नींबू रेस, मेमोरी टेस्ट, सामान्य ज्ञान का टेस्ट लिया गया। दोपहर में महिलाओं के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें कपास से बने हुए वस्त्र रंगोली प्रतियोगिता और चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्रि में अभिव्यक्ति का कार्यक्रम में डॉ. संध्या टिकेकर द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रतिदिन कार्यक्रम में संजय बापट, अनन्त आचवल, सौरभ आचवल, सुभाष गुणे, सुबोध देउस्कर व समस्त महाराष्ट्र समाज के सदस्य परिवार सहित उपस्थित हुए।

# भरछा गांव के लोगों ने कहा रोड़ नहीं तो वोट नहीं

## पक्की सड़क नही होने से 8 सालों से हो रहे हैं परेशान



**बीना, देशबन्धु।** भरछा गांव की नई बस्ती से गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क न होने से बारिश के दिनों में लोगों को घुटनों तक कीचड़ से होकर जान जोखिम मे डालकर मुख्य सड़क तक जाना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने रोड़ नहीं तो वोट नहीं का बोर्ड लगाया है। बीना विधानसभा और जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत भरछा के नई बस्ती में रहने वाले अनेक परिवारों को बारिश के दिनों में मुसीबतों का सामना पिछले आठ सालों से करना पड़ रहा है। नई बस्ती से गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क न होने से बरसात के दिनों में ग्रामीण घुटनों तक कीचड़ में से होकर जान जोखिम में डालकर मुख्य सड़क तक पहुंचते है। नई बस्ती के लोग पिछले आठ वर्षों से लगातार सड़क की मांग करते आ रहे है। एसडीएम, कलेक्टर, मंत्री, विधायक सभी से सड़क बनवाने की गुहार लगा चुके है मगर उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। नई बस्ती के लोगों ने अंतिम चेतावनी देते हुए मांग की है कि रोड नहीं बना तो वोट नहीं देंगे। सभी ने सामूहिक रूप से आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। नई बस्ती के लोगो का कहना है कि अगर चुनाव के पहले सड़क नहीं बनी तो वह चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार करेंगे और अब आश्वासन नहीं सड़क चाहिए। भरछा गांव की नई बस्ती में रहने वाले करतार सिंह अहिरवार का कहना है कि बारिश के मौसम में कच्ची रोड होने के कारण रास्ते में जमकर कीचड़ हो जाता है। जहां से निकलना खतरे से खाली नहीं रहता है। यहां की सड़क इतनी खराब है कि घुटनों तक पानी भर जाता है और कीचड़ तो इतना रहता है कि आना जाना मुश्किल हो जाता है। जिम्मेदार अधिकारी और चुनाव के समय वोट मांगने आने वाले नेता कभी इस समस्या को देखने नहीं आए हैं। पिछले आठ वर्षों से हम लोग सड़क बनवाने की मांग कर रहे है। इस बार अगर चुनाव से पहले रोड नहीं बना तो हम लोग वोट नहीं डालेंगे और चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ओमप्रकाश अहिरवार का कहना है कि हम लोग इस मार्ग का उपयोग न भी करें तो गांव को जाने के लिए दूसरा कोई मार्ग नहीं है। बरसात के दिनों में जान खतरे मे डालकर बच्चो के पेट के खातिर घुटनों तक कीचड़ में सनकर मजदूरी करने के लिए जाना पड़ता है।

**बारिश में स्कूल नहीं पहुंच पाते बच्चे**

स्कूल में दाखिला लेने के बाद बारिश के मौसम में यहां के बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, क्योंकि रास्ते में घुटने तक कीचड़ के चलते स्कूल पहुंचना संभव नहीं है। बलराम अहिरवार ने बताया कि सर्वाधिक परेशानी का सामना बारिश में करना पड़ता है। मोहल्ले से लगभग एक किलोमीटर के फासले पर मुख्य सड़क और स्कूल है। यहां तक जान खतरे मे डालकर पहुंच पाते हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। मीना अहिरवार ने कहा कि हम लोग कब तक ऐसी परेशानी झेलेंगे। हमारी कोई समस्या का हल किसी भी अधिकारी और नेता ने नहीं किया हैं। हमें कोई देखने सुनने वाला नहीं हैं इसलिए हम इस चुनाव में वोट नहीं डालेंगे।

**ग्रेवल रोड का प्रस्ताव जनपद पंचायत में भेजा था**

मामले में भरछा ग्राम पंचायत के सरपंच चंद्र प्रकाश राजपूत ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग से लेकर बंजारी माता मंदिर तक ग्रेवल रोड का प्रस्ताव जनपद पंचायत खुरई को कई महीनो पहले भेजा था। लेकिन अभी तक प्रशासकीय स्वीकृति नही मिल पाई है।

> मामला संज्ञान में आया है। इस मामले में जनपद पंचायत सीईओ के अलावा पंचायत के सरपंच से भी चर्चा की जाएगी। जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।
>
> –रवीश श्रीवास्तव, एसडीएम, खुरई

### अमृत कलश यात्रा संतकबीर, विवेकानंद और राजीव नगर वार्ड पहुंची



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत 12 से 27 सितंबर तक नगर के समस्त वार्डो में निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा नौवें दिन संतकबीर वार्ड पहुंची जहां वार्ड पार्षद धर्मेंद्र खटीक ने श्रद्धा के साथ महिलाओं और नागरिकों के साथ यात्रा की अगवानी की और हाथ में अमृत कलश लेकर मिट्टी और चावल का घर-घर जाकर एकत्रीकरण कराया तथा नागरिकों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। उसके पश्चात अमृत कलश यात्रा विवेकानंद वार्ड पहुंची जहां पार्षद याकृति जड़िया के साथ वार्ड की महिलाओं ने यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धा पूर्वक मिट्टी और चावल कलश में एकत्रित किए, उसके पश्चात यात्रा राजीव नगर वार्ड पहुंची जहां प्रहलाद पटेल ने महिलाओं और नागरिकों के साथ पंचप्रण की शपथ ली और मिट्टी चावल का एकत्रीकरण कराया। इस अवसर पर यात्रा के नोडल अधिकारी विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी बृजेश तिवारी के साथ वार्ड के नागरिक और कर संग्राहक उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार ने महिलाओं के कल्याण की अनेक योजनाएं बनाई: सरोज सिंह



**खुरई, देशबन्धु।** खुरई में महिला सम्मेलनों का सिलसिला जारी रहा। यहां के 6 वार्डों में भाजपा नगर मंडल खुरई द्वारा वार्ड वार सम्मेलनों का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में महिलाओं को प्रदेश व केन्द्र सरकार की योजनाओं एवं मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा महिला कल्याण में किए गए कार्यों की जानकारी दी। वीर सावरकर वार्ड में आयोजित महिला सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भाजपा शासित केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के हित में विशेष कार्य कर रही है। आचार्य विद्यासागर वार्ड मे कहा कि मुख्यमंत्री ने अब उन बहनों को भी लाड़ली बहना योजना में पात्र घोषित कर दिया है जो अविवाहित हैं। माता शबरी वार्ड में बताया कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने जहां 60 हजार बहनों को लाड़ली बहना बनाया है वहीं उन्होंने बेटियों को स्कूल जाने निःशुल्क साईकिलों सहित शासन की लगभग हर योजना का लाभ दिलाने का काम किया है। स्वामी विवेकानंद वार्ड में कहा कि क्षेत्र में जहां अच्छी शिक्षा के लिए सीएम राईज, पीएम श्री स्कूलें खोलीं गई हैं। वहीं जो बेटियां उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लातीं हैं तो उन्हें लेपटॉप, स्कूटी दी जाती है और उनका सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाता है। अटल बिहारी वार्ड मे उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान बहनें मुझ से आवास की मांग करती थीं, मंत्री जी के प्रयासों से आज उनको आवास मिल चुका है। जों बहनें आवास के लिए रह गईं हैं उन्हें भी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास का लाभ दिया जाएगा। चन्द्रशेखर वार्ड में सरोज सिंह ने कहा कि भाजपा व मुख्यमंत्री ने बहनों को बराबरी का दर्जा दिया है। आज यहां मंच पर बैठी महिलाएं अगर जनप्रतिनिधि बन गई हैं तो उसका श्रेय भाजपा की सरकार को जाता है।

### श्री नीलकमल दुर्गा समिति का गठन

**सागर, देशबन्धु।** श्री नीलकमल दुर्गा समिति गुजराती बाजार की बैठक का आयोजन श्री जानकी रमन मंदिर में किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद नवरात्रि पर्व मनाने हेतु समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक सतीश साहू, सुधीर तिवारी, मनीष जैन, रशीद भाई, अध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष लल्लू विश्वकर्मा, सचिव शंकर पटेल, सहसचिव मोहन पटेल, अरुण भारद्वाज, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष मदन चौरसिया, संयोजक चंपक भाई जैन, विवेक पटेल, जितेंद्र भाई, हेमराज पटेल, बंटी गुप्ता, टोनी केसरवानी चुने गए। बैठक में श्री नीलकमल दुर्गा नवयुवक मंडल का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष चक्रेश पटेल चुने गए।

### बेटी दिवस पर बेटी से ही कराया कांग्रेस सेवादल ने मासिक ध्वज वंदन



**सागर, देशबन्धु।** हर माह के अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल परिवार शहर के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण और ध्वजवंदन कराता आ रहा है इसी श्रृंखला में सिंतबर माह के इस अंतिम रविवार को काकागंज वार्ड में संपन्न हुआ। बेटी दिवस होने के कारण कांग्रेस सेवादल ने ध्वजारोहण कु. गार्गी पचौरी रमा से कराया। इस अवसर पर कु.गार्गी ने कहा कि बेटी दिवस पर कांग्रेस सेवादल ने मुझे मौका देकर गौरवान्वित कर दिया, कांग्रेस ही वो पार्टी है जिसके पास प्रथम महिला प्रधानमंत्री, प्रथम महिला राष्ट्रपति, प्रथम महिला लोकसभा अध्यक्ष बनाने का गौरव प्राप्त है। गार्गी ने सभी को महिला आरक्षण बिल पास होने की शुभकामनाएं भी दी। कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी निधि जैन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सर्वप्रथम महिला आरक्षण बिल संसद में लायें थे पर वह उस समय पास नहीं हो पाया। अब यह बिल पास हुआ है इसलिये बड़ा उत्साह और उमंग का माहौल है हम सभी के लिये। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने और कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुनील जैन, पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे, राहुल चौबे, सुरेंद्र चौबे, शरद पुरोहित, नितिन पचौरी के अलावा स्थानीय बच्चे और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

### सूने मकान में चोरी

**सागर, देशबन्धु।** कैंट थाना क्षेत्र के पुरानी सदर इलाके में सूने मकान में चोरों ने सेंध लगाई। वारदात के समय घर सूना था और ताला लगा हुआ था। चोरों ने घर का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए। जहां रखे गहने और नकद रुपए लेकर भाग गए। परिवार के लोग घर वापस लौटे तो वारदात सामने आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। फरियादी अनिल कुमार मौर्य निवासी दुर्गा मंदिर के सामने पुरानी सदर ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि सुबह करीब 11 बजे मैं मजदूरी करने बरारू गया था। पत्नी निदाई करने खेत चली गई। वहीं बेटी कॉलेज और बेटा काम से चला गया था। इस दौरान घर में ताला लगा था। दोपहर में पत्नि अर्चना खेत से घर खाना खाने आई तो देखा घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉक टूटा था। वहीं पेटी खुली पड़ी थी। वारदात में चोर घर में रखी चांदी की पायल, सोने के टाप्स, मंगलसूत्र, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया और नकद करीब पांच हजार रुपए लेकर भागे है। चोरी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## फौज की नौकरी कोई प्रोफेशन नहीं यह तो सेवा कार्य है: कर्नल डी रामसिंह



**सागर, देशबन्धु।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा सागर द्वारा सागर की धरती से निकले तीन युवा शांतनु देव, सार्थक झुड़ेले और सृजन समैया का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर बंगाली काली मंदिर प्रांगण गोपालगंज में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन से हुई। भारतीय सेना अधिकारियों के मुख्य आतिथ्य में हुए सम्मान कार्यक्रम में कर्नल आदित्य जे पाल, कर्नल डी रामसिंह, मेजर एससी शर्मा, मेजर गजराज सिंह, कैप्टन पी के दत्ता, सूबेदार मेजर प्रकाश राय, न्यायाधीश मनीष भट्ट, डॉ. हरिसिंह गौर विवि के कुलसचिव डॉ. रंजन कुमार प्रधान, सहायक कुलसचिव विवेक विसारिया, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक मनीष वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के योगेश बंसल एवं सागर के समाज सेवियों और प्रबुद्ध व्यक्तियों ने चयनित युवाओं का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इंक मीडिया के निदेशक डॉ. आशीष द्विवेदी ने केंद्र परिचय और उद्बोधन देते हुए कहा की इन युवाओं ने कंफर्ट किस्म के जाब कि बजाय देश सेवा का व्रत लिया है। जो स्तुत्य है। मुख्य वक्ता कर्नल डी राम सिंह ने कहा की इस तरह के आयोजन समाज में राष्ट्रीय चेतना का संचार करते हैं। युवाओं का सेना में आने का क्रेज बढ़ रहा है। फौज की नौकरी कोई प्रोफेशन नहीं होती यह तो एक सेवा कार्य है। उन्होंने सेना के कार्यों, कैडर, भर्ती प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भारतीय सेना में चयनित युवाओं के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोकनाथ मिश्रा ने आभार प्रदर्शन नीलरतन पात्रा ने माना। चंद्रप्रकाश शुक्ला ने शांति मंत्र करवा कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर प्रो. संतोष शुक्ला, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. अंशु सोनी, एनसीसी केडिट, निधि पात्रा, अंबिका यादव, विवेक शर्मा, आरके तिवारी, एमडी त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### देश के प्रमुख भागों से गुजरेगी सदगुरु कबीर सद्भावना यात्रा, विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**सागर, देशबन्धु।** कबीर संप्रदाय के द्वारा सदगुरु कबीर सद्भावना यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ विधायक शैलेंद्र जैन एवं आचार्य राम जीवन दास, शास्त्री साहेब ने डॉ. हरिसिंह गौर बस स्टैंड के सामने हरी झंडी दिखाकर किया आचार्य राम जीवन शास्त्री ने कहा की विकास की गंगा को प्रभावित करने वाले सदगुरु कबीर पार्क की सौगात देने वाले और हर संभव हमारी मदद करने वाले विधायक जो हर संभव हमारी मदद करते हैं यह यात्रा सदगुरु कबीर सद्भावना यात्रा इसका बहुत ही मार्मिक उद्देश है इसमें सदगुरु कबीर साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाना है और सत्य सनातन धर्म का शंखनाद करने के लिए देश के हम कोने-कोने तक जाएंगे और यह यात्रा एक विशेष यात्रा होगी शासन से जुड़े हुए सभी जनप्रतिनिधि भी इस यात्रा का सम्मान करेंगे। विधायक शैलेंद्र जैन ने मैं कहा कि आज हम सबके लिए संपूर्ण मानव जाति के लिए और समय समस्त देशवासियों के लिए गर्व का क्षण है जबकि संत कबीर सब के अनुयायियों के द्वारा विश्व बंधुत्व और सद्भावना यात्रा की हो रही है और हम लोगों के लिए तो और गर्व का क्षण है कि आज इस यात्रा को शुरुआत करने के लिए ऐसे हमारे शास्त्री जी महाराज मैं उनके प्रति नगर वासियों की ओर से और संपूर्ण भारतवर्ष के समस्त मानव मात्र की ओर से साधुवाद देता हूं धन्यवाद देता हूं। यात्रा में मुख्य रूप से अर्जुनदास, मनोरमा गौर, नीरज ठाकुर, हरनाम सिंह, आशीष ठाकुर, शारदा कोरी, एमडी त्रिपाठी, शैलेंद्र कोरी आदि उपस्थित थे।

## बाइक ने पुल में लगाई छलांग, सावर बाल बाल बचे

### मालथौन क्षेत्रान्तर्गत फोरलेन सड़क का नकटा पुल बना हादसों का सबब

**मालथौन, देशबन्धु।** नेशनल हाइवे 44 सागर झांसी मार्ग का मालथौन के पास नकटा पुल हादसों का पुल बना हुआ है। गत शनिवार शाम 7 बजे करीबन बाइक ने पुल से सवार व्यक्तियों सहित छलांग लगा दी सवार बाल बाल बच गए मामूली रूप से चोटिल हुए। पूर्व में फोरलेन सड़क निर्माण कंपनी द्वारा पुराने को पुल बना दिया जो कि फोरलेन सड़क की चौड़ाई से कम है रात के अंधेरे में सकरा पुल होने के वजह से वाहन से टकराकर हादसों के शिकार हो जाते जहा पर हादसों को रोकने के लिए रेलिंग या पुल की सड़क के बराबर चौड़ाई की जरूरत है।

यहा इसी कारण अक्सर बड़े-बड़े हादसे सामने आते है कई मासूम काल के गाल में समा के गए लेकिन जिम्मेदार सड़क ऑथरिटी बेखबर हैं। जानकारी के अनुसार बीती शाम बाइक सवार व्यक्ति इटवा गांव में रिश्तेदारी के कार्यक्रम से शामिल होकर वापिस समीस्थ यूपी सीमा के पटना पारोल जा रहा थे। थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क के नकटा पुल पर अचानक बाइक पुल की साइड पट्टी सामने आ गई अनियंत्रित होकर पुल से टकराकर के नीचे गिर गई। गनीमत रही बाइक में तीन लोग सवार थे जो पुल से करीब 25 फीट नीचे गिरे बाल बाल बच गए जो मामूली रूप से घायल हुए। हादसे कारण पुल सकरा होने के कारण बताया यहा समझ में नहीं आया। दोपहर में पुल के नीचे से बाइक को निकाला गया बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**मालथौन, देशबन्धु।** रविवार शाम साढ़े सात बजे के करीब नेशनल हाइवे 44 पर अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने राह चलते युवक को टक्कर मार दी मौके पर युवक ने दम तोड़ दिया सूचना पर थाना मालथौन पुलिस घटना स्थल पर पहुची शव को कब्जे में लेकर शव वाहन से मृतक को अस्पताल भिजवाया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क स्थित पोस्टमार्टम हाउस के सामने राह चलते युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। जिसकी पहचान किशोरी पिता चौहदे चढ़ार उम्र 35 बर्ष करीब मालथौन निवासी के रूप में हुई।

### रेलवे स्टेशन पर लूट, बदमाशों ने ट्रेन से उतरे युवक पर चाकुओं से किया हमला

**खुरई, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरे युवक पर चार बदमाशों ने चाकुओं से हमलाकर लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक खुरई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर घर जाते समय 2 बदमाशों ने एक 25 वर्षीय युवक का मुंह बांधकर स्टेशन के पीछे झाड़ियों में ले गए। मारपीट कर सामान छीनने लगे। पहले तो युवक ने बदमाशों का मुकाबला किया, लेकिन दो और आ गए जिन्होंने पीछे से चाकुओं से हमला कर दिया। घायल होने के बाद भी युवक ने पीछा किया। स्टेशन के बाहर कई लोगों ने घायल को खून से लथपथ देखा, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। यहां तक कि मौके पर पहुंची डायल 100 भी यह कहकर वापस चली गई कि मामला जीआरपी पुलिस का है। घायल सद्दाम खान पिता मुन्ना खान 25 निवासी सरेधी थाना जगनेर जिला आगरा उत्तरप्रदेश ने बताया कि वह खुरई में मकानों के टाइल्स लगाने का काम करता है। वह खुरई के ऋषभ कुमार वार्ड में रहता है। वह अपने घर आगरा से लौटकर खुरई स्टेशन पर उतरा था। ट्रेन से उतरने के बाद अपने घर जा रहा था तभी चार बदमाशों ने चाकुओं से हमला कर उससे 30 हजार रुपए नगद, मोबाइल, कपड़ों का बैग छीन लिया। इसके बाद चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। जिसे खुरई सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जीआरपी पुलिस ने बयान लेकर जांच शुरू कर दी है।

### स्मार्ट मीटर लगवाये, विद्युत वितरण कंपनी लिमि

**सागर, देशबन्धु।** म.प्र.पू.क्षे. विद्युत वितरण कंपनी लिमि. नगर संभाग उपभोक्ताओं को सूचित किया कि सागर शहर में मेसर्स मोंटी कार्लो लिमिटेड के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। कई समाचार पत्रों में यह खबर प्रसारित हुई है कि यह मीटर प्रीपेड है, जिसमें जितना रिचार्ज करेगें उतनी बिजली जलेगी, यह खबर पूर्णतः निराधार है। समस्त उपभोक्ताओं को अवगत कराया जाता है कि स्मार्ट मीटर लगने से आप प्रतिदिन की रीडिंग देख सकते है एवं आपको आंकलित बिल, गलत बिल, गलत रिडिंग के बिलों से मुक्ति मिलेगी एवं विद्युत बिल में एवं मीटर के गडबडी होने पर तत्काल कार्यवाही की जावेगी। अतः उपभोक्ताओं से अपील है कि वह स्मार्ट मीटर लगवाये।

## बेटी दिवस पर लोहिया पार्क में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**सागर, देशबन्धु।** समाजवादी नेता रघु ठाकुर की उपस्थिति में संजय ड्राइव पर स्थित लोहिया पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। नलिन जैन ने उनके व्यक्तित्व के ऊपर ससवर कविता पाठ किया। सर्वप्रथम लोहिया की प्रतिमा पर सभी उपस्थित जनों ने माल्यार्पण किया और डॉ. लोहिया अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर रघु ठाकुर ने कहा कि हम सब महिला बिल का समर्थन करते हैं डॉ. लोहिया सदैव नर नारी समानता के पक्षधर रहे हैं और समाज में समता के। कोई भी देश या समाज तभी उन्नति कर सकता है जब उसमें बराबरी हो, अमीरी गरीबी का भेदभाव ना हो। पार्क में कई प्रजातियों के पेड़ों को रोपित किया गया और कई नवयुवको ने अपनी तरफ से वृक्षारोपण किया व उनके देख रेख की जिम्मेदारी ली। सर्वप्रथम साहित्यकार शरद सिंह गार्गी पचौरी, मनु सिंह,



गार्गी गौर व अन्य बेटियों ने डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा वृक्षारोपण किया। फिर अन्य महिला शक्ति ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित निधि जैन, पूर्व विधायक सुनील जैन, डॉ. बद्री प्रसाद, सुरेन्द्र सुहाने, रामकुमार पचौरी, रफीक गनी, कपिल पचौरी, अतुल मिश्रा, पप्पू तिवारी, सिंटू कटारे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। प्रभात जैन ने स्व. गणेश प्रसाद वर्णी की आत्मकथा रघु ठाकुर को भेंट की। रघु ठाकुर ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्णी जी का योगदान धर्म व शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत है। नलिन जैन ने अपना कविता संग्रह रघु ठाकुर को भेंट किया। रघु ठाकुर ने उन्हे शुभकामनाएं देते है कहा कि आप ने स्व. निर्मल जी की साहित्यिक विरासत और बचाया और बढ़ाया है। साहित्य जगत आपका आभारी है।

## सार समाचार

### अटल पार्क में पौधारोपण किया



**छतरपुर, देशबन्धु।** संगम सेवालय की टीम ट्री एंबुलेंस ने आज अटल पार्क में पौधारोपण किया गया। यहां पर गुलाब मधु कामिनी गुड़हल और कनेर के पौधे लगाये गए। संगम ट्री एम्बुलेंस के सदस्य दिल्लाराम अहिरवार ने बताया कि हमारी टीम पिछले 7 साल से लगातार सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण का कार्य कर रही है। इस वर्ष हमने सर्किट हाउस के पास स्थित अटल पार्क को पौधारोपण के लिए गोद लिया है और यहां पर हम फूलों के पौधे लगाकर पूरे पार्क को तैयार कर रहे हैं। हम इन पौधों की लगातार देखभाल करते हैं जिससे यह पूरी तरह विकसित हो जाते हैं। आज पधारोपण के समय विपिन अवस्थी, लखनलाल अग्रवाल, दिल्लाराम अहिरवार, सौरभ, दिनेश वर्मा, जितेंद्र शर्मा और गौतम उपस्थित रहे। यहां पर हमने खरपतवार की सफाई की और फिर पौधरोपण का कार्य किया।

### शहर की सड़को पर मवेशियों का डेरा



**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों शहर के तमाम मार्गों पर आवारा पशु डेरा जमाए हुए हैं जिस कारण से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। गौरतलब यह है कि इस समस्या पर नगर पालिका सहित अन्य किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं है। उल्लेखनीय है कि शहर के मुख्य मार्गों के अलावा भीतरी इलाकों की गलियों में भी आवारा पशु बैठ रहे हैं। रात के वक्त इन इलाकों में अंधेरा होता है जिस कारण से प्रतिदिन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। आम लोगों ने नगर पालिका सहित जिला प्रशासन से अपील की है कि आवारा पशुओं को गौशाला में स्थापित कराने की व्यवस्था की जाए ताकि आम लोगों को हो रही परेशानी पर विराम लग सके।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**छतरपुर, देशबन्धु।** आगामी 26 सितंबर को स्व. पं. जगदीश प्रसाद भार्गव सेवा समिति पदचिन्ह द्वारा हनुमान टौरिया मंदिर पर निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में इंडियन मेडीकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से बच्चों की बीमारियों एवं हड्डी रोग संबंधी बीमारियों की जांच की जाएगी। वहीं सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर भी लगाया जाएगा। छतरपुर के प्रसिद्ध बाल रोक विशेषज्ञ डॉ ॠषि द्विवेदी, डॉ नीरज द्विवेदी, डॉ साकेत गुप्ता एवं डॉ उमाशंकर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश गुप्ता हड्डी संबंधी रोगों की जांच करने के उपरांत उपचार हेतु सलाह देंगे एवं निशुल्क दवाएं प्रदान की जाएंगी। पदचिन्ह समिति के मंगल सिंह ने बताया कि पं. जगदीश प्रसाद भार्गव (डग्गू महाराज) की पुण्य स्मृति में 26 सितंबर को विगत 9 वर्षों की भांति इस वर्ष भी हनुमान टौरिया परिसर छतरपुर में एक दिवसीय विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य शिविर एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### छतरपुर और खजुराहो के स्टेडियम का किया निरीक्षण

# प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन चौकस



**छतरपुर, देशबन्धु।** आगामी 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छतरपुर आ सकते हैं। उनके संभावित दौरो को लेकर रविवार को आईजी और कमिश्नर ने स्थानीय अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के लिए चिन्हित किए गए स्थलों का निरीक्षण किया। बताया गया है कि संभवत: 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छतरपुर में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास एवं छतरपुर के स्टेडियम में सभा कर सकते हैं।

इस संभावित दौरे के लिए छतरपुर जिले में दो स्थान छतरपुर के स्टेडियम और खजुराहो के स्टेडियम को चिन्हित किया गया है। रविवार को आईजी प्रमोद वर्मा और कमिश्नर वीरेन्द्र सिंह रावत ने स्थानीय अधिकारियों के साथ छतरपुर के स्टेडियम, हेलीपैड, रेल्वे स्टेशन एवं पर्किंग स्थल का निरीक्षण किया।

इस मौके पर कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी अमित सांघी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस की जनआर्शीवाद यात्रा

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री यादव ने ली बिजावर के विकास की गारंटी



**छतरपुर, देशबन्धु।** आज जन आक्रोश यात्रा पन्ना नाका से आरम्भ हुई जहां पर बाबा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू हुई इस आशय की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ने देते हुए बताया कि पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं बुंदेलखण्ड के प्रभारी अरुण यादव के नेतृत्व में यात्रा आगे बढी जहां पर वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद शिव सिंह यादव ने स्वागत किया इसके बाद जिला अध्यक्ष लखन लाल पटेल के द्वारा एक सैकडा टैक्टर के साथ यात्रा की आगुवानी उनके पुत्र संदीप पटेल ने किया। अरुण यादव ने सवारी की यात्रा का रामदेव कॉलेज, पीताम्बरा मन्दिर, रामगढ़, बूढा, पड़रिया, बछरौनिया पर छतरपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक आलोक चतुर्वेदी के द्वारा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया इसके बाद विजावर विधान सभा में राजेश शर्मा के द्वारा स्वागत किया गया इस दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री चंद्रका प्रसाद द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे इसके बाद सटई नगर पंचायत के मैदान में एक विशाल जनसभा आआयोजित की गयी जिसको सेवादल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने स्वागत भाषण किया इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री लखन लाल पटेल, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं सह प्रभारी श्री सी पी मित्तल जी ने भी संबोधित किया तत्पश्चात अरुण यादव सभा को संबोधित करते हुए जनता को भरोसा देते हुए कहा कि बुंदेलखण्ड के हर खेत को प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पानी मुहैया करवाने का कार्य करेंगे एवं विजावर विधान सभा के विकास की गारंटी मैं लेता हूँ कमल नाथ के मुख्यमंत्री बनने पर क्षेत्र के विकास का हर कार्य कराया जायेगा इस अवसर पर यात्रा के सह प्रभारी गुड्डू राजा बुंदेला, संगठन प्रभारी रूद्र प्रताप सिंह, सटई नगर पंचायत अध्यक्ष माया शर्मा,प्रवीण खरे जी, निधि सत्यव्रत चतुर्वेदी जिला संगठन मंत्री सूर्य प्रताप सिंह,राजकुमार शर्मा, राजकुमार सिंह (मुन्ना राजा), मानवेंद्र सिंह मोनु राजा, कैलाश कुशवाहा, राजेन्द्र सिंह चौका, ब्लॉक अध्यक्ष वरुण पटना, अरविंद सिंह बुंदेला,दसरथ कुशवाहा, महेंद्र राय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवानी चौरसिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष पासा सिद्दीकी, ड्रा खालील खान, गोली चौबे, एवं हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ क्षेत्र जनता उपस्थित रही।

## युवा उत्साह 22 विधाओं में से 16 में पाया प्रथम स्थान



**छतरपुर, देशबन्धु।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2023- 24 के युवा उत्सव का आयोजन चार चरणों में आयोजित हो रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव अग्रणी, शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय, छतरपुर के नेतृत्व में यूटीडी तथा जिले के विभिन्न कॉलेजों में आयोजित हुआ, जिसमे यूटीडी के छात्र छात्राओं ने 22 विधाओं में से 16 विधाओं में शानदार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

मीडिया प्रभारी डा एसपी जैन एवं सहा प्रभारी श्री एनके पटेल के मुताबिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता में यूटीडी के छात्र लकी चौरसिया, दीपक चौरसिया तथा अमन चौरसिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह गायन लोकशैली में यूटीडी के विद्यार्थी स्मृति राजा बुंदेला, संगीता ध्रुवे, भूमिका शर्मा, मानसी यादव, स्वाति राजपूत तथा प्राची त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । समूह गायन पाश्चात्य में यूटीडी की छात्रा स्मृति राजा बुंदेला, संगीता धुर्वे, भूमिका शर्मा, मानसी यादव, स्वाति राजपूत तथा प्राची त्रिपाठी ने प्रथम स्थान, एकल गायन शास्त्रीय तथा एकल गायन सुगम में यूटीडी की छात्रा दिव्या नायक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल गायन पाश्चात्य में यूटीडी की छात्रा इशिता यादव ने प्रथम स्थान, एकल नृत्य में यूटीडी की छात्रा वेणु शर्मा ने प्रथम स्थान तथा यूटीडी की छात्राओं ने ही समूह नृत्य में अदिति उपाध्याय, मिशिका शर्मा, शिवांशी गुप्ता, खुशी कबीर, संस्कृति चौरसिया एवं नंदिनी घोष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल वादन परकुशन तथा नॉन परकुशन में यूटीडी के छात्र प्रशांत पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय महाविद्यालय नौगांव में आयोजित स्किट विधा में यूटीडी के महेश कुशवाहा, लक्ष्मी अहिरवार, साक्षी जैन, निहारिका जोशी तथा अनीता कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय, छतरपुर में आयोजित क्ले मॉडलिंग में सीमा प्रजापति तथा रंगोली में कृतिका प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।मिमिक्री में महेश कुशवाहा ने प्रथम स्थान, स्पॉट पेंटिंग में मेघा निरंजन ने प्रथम स्थान तथा पोस्टर निर्माण में सरगम निरंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय महाराजा छत्रसाल महाविद्यालय, महाराजपुर में आयोजित वाद-विवाद स्पर्धा के पक्ष में यूटीडी की छात्रा अंकिता शुक्ला तथा विपक्ष में तृप्ति शिवहरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब उक्त सभी प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. शुभा तिवारी, कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल तथा युवा उत्सव प्रभारी प्रो.ममता वाजपेई सहित विश्वविद्यालय परिवार ने आगामी सभी प्रतिस्पर्धाओं में सफलता हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

## केंद्र सरकार की अंडर सेक्रेटरी ने किया उल्लास परीक्षा का अवलोकन



**छतरपुर, देशबन्धु।** नव भारत साक्षर भारत अभियान के तहत पंद्रह वर्ष से अधिक के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए मिशन चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक बसाहट में असाक्षरों का सर्वे करने के बाद अक्षर साथियों के द्वारा उन्हें आई टी सी एल पद्धति से साक्षर किया जाता है। हर छ माह में मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करने के बाद जितने असाक्षर साक्षर हो जाते हैं,उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।

रविवार 24 सितंबर को जिले भर में हुई परीक्षा का केंद्र सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय की अंडर सेक्रेटरी (स्कूल शिक्षा एवम् साक्षरता) कु.बर्षा सिंह, नियंत्रक राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल डॉ. राकेश दुबे, राज्य सह समन्वयक उर्वशी श्रीवास्तव, लेखा अधिकारी राज्य नव भारत साक्षरता प्राधिकरण प्रभाकर पंथारे ने अवलोकन किया उनके साथ जिला परियोजना समन्वयक ए एस पांडे एवम् जिला सह समन्वयक शफीक अहमद, बी आर सी सी अतुल चतुर्वेदी, ब्लॉक सह समन्वयक मनोज गुप्ता भी मौजूद रहे।

बीएसी अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले भर के शासकीय स्कूलों में 1627 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में जिले से 48 हजार 822 नव साक्षरों को शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया था। वहीं जिले भर में कुल 5 हजार 200 अक्षर साथी वालेंटियर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।


नई दिल्ली से आईं अंडर सेक्रेटरी कु. बर्षा सिंह ने बमीठा, चन्द्रनगर, हीरापुरवा, राजगढ़ आदि परीक्षा केंद्रों का अवलोकन कर व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

## चित्रकला कार्यशाला के लिए आज होंगे पंजीयन



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के गांधी आश्रम में 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक दो माह की चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में भाग लेने के लिए इच्छुक युवा आज यानि की 25 सितम्बर से डाकखाना चौराहा स्थित गांधी आश्रम पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। कार्यशाला के संयोजक शिवम यादव ने बताया कि शहर के युवाओं को चित्रकला की बारीकियां सिखाने के उद्देश्य से इस दो माह की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में रजिस्ट्रेशन शुल्क को छोडक़र अन्य किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सेल्फी प्वाइंट हुए क्षतिग्रस्त : साइन बोर्ड भी टूट, लाईट भी बंद




**हरपालपुर, देशबन्धु।** शहर कस्बो की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने के लिये नगर निगम नगर पालिका व परिषदों में शहर के बीचों बीच सेल्फी प्वाइंट आई लव यू हरपालपुर के नाम से लाखो रुपयों की लागत लगाये गये थे ताकि यहां से गुजरने वाले यात्रियों व स्कूली बच्चे और लोग सेल्फी ले सके।हरपालपुर में दो जगह सेल्फी प्वाइंट लगाए गये थे पहला प्वाइंट नगर के मैन रोड थाना परिसर के ठीक सामने दूसरा शहर से कोसो दूर मुक्तिधाम में लगाए गये थे जबकि इसकी देख रेख का जिम्मा नगरीय प्रशासन का है लेकिन नगर परिषद के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान नही है जो विगत कई समय पहले से क्षतिग्रस्त हालत टूटे फूटे पड़े हुए है लाइटे भी उखड़ी पड़ी साथ ही बल्ब भी टूट चुके सिर्फ नगर में चार चांद लगाने वाला सेल्फी प्वाइंट नगर की सुंदरता पर धब्बा बन रह गए है।

सुबह-शाम के वक्त घूमने वाले रहवासियों ने बताया है कि नगर में भी कोई घूमने जाते है जबकि नगरीय प्रशासन के द्वारा सेल्फी प्वाइंट लगाए गये थे इसके पहले जब सेल्फी प्वाइंट चालू हालत में थे तो यहां युवा लोग सेल्फी लेते थे लेकिन जबसे ये क्षतिग्रस्त हो चुके है तब से इन पर नजर न तो जिम्मेदार अधिकारियों की पड़ी न ही जनप्रतिनिधियों की पड़ी ।जबकि सेल्फी प्वाइंट के तौर पर लगाया गया आई लव यू हरपालपुर का साइन वॉर्ड भी टूट चुका है और इसकी लाइट बंद हो गई है नतीजा यहां से निकलने वाले सेल्फी के शौकीन लोग परेशान है लेकिन जिम्मेदार इसके बाद भी इनकी मरम्मत जल्दी कराने को गम्भीर नही दिख रहे है।

## केन-बेतवा विस्थापितों का आंदोलन पुन: प्रारम्भ, किसान आज करेंगे जल सत्याग्रह

**बिजावर, देशबन्धु।** केन बेतवा लिंक परियोजना में सरकार द्वारा लगातार उनके हितों की अनदेखी से पीड़ित किसानों ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव, समाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर के नेतृत्व मे पुन: आंदोलन की घोषणा कर दी है। छतरपुर और पन्ना जिले के 22 गांव के हजारों किसान 25 सितम्बर, सोमबार को बिजावर के राजा तालाब में जल सत्याग्रह कर प्रधानमंत्री के नाम अपना मांग पत्र सौंपेंगे, 25 सितम्बर को ही प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश की राजधानी भोपाल मे किसी कार्यक्रम मे सिकरत कर रहे है।

सरकार द्वारा मांगे ना माने जाने तक किसानों ने आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं अमित भटनागर और परियोजना से प्रभावित किसानों का कहना है कि सरकार ने जो विशेष पैकेज घोषित किया है उससे किसानों को ऊंट के मुंह में जीरा बराबर राहत मिली है, जबकि सरकार ने उन्हें बड़े-बड़े आश्वासन दिए थे।

सरकार से बड़ी आस लगाए बैठे किसानों में विशेष पैकेज की घोषणा के बाद से गहरा आक्रोश देखा जा रहा है, इन 22 गांव के पीड़ित किसानों का कहना है कि वे पिछले 2 साल से सरकार से लगातार अनुनय विनय कर रहे हैं। अपनी मांग के ज्ञापन दे रहे हैं पर सरकार उनकी नहीं सुन रही है, उल्टा उनके साथ लाठी चार्ज जैसे गैरसंवैधानिक कृत किए जा रहे हैं, पिछले बार भी सरकार के आश्वासन पर किसानों ने अपना अनशन स्थगित किया था परंतु सरकार लगातार उनके साथ चल कर रही है जिससे उन्हें मजबूर होकर अपना आंदोलन पुन: प्रारंभ करना पड़ा है। पीड़ित किसानों का कहना है कि उनका आंदोलन मांगे माने जाने तक जारी रहेगा और यह आंदोलन दिन प्रतिदिन और तीव्र होता जाएगा।

## हक़ न मिलने पर सफाईकर्मी नाराज आज से हड़ताल करेंगे



**छतरपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कां. ट्रेड यूनियन के प्रांतीय आवाहन पर छतरपुर नगर पालिका सहित अन्य निकायों में आज से सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल शुरू होने जा रही है। यूनियन के जिलाध्यक्ष आदित्य बाल्मीक ने बताया कि इस आशय का ज्ञापन मुख्यमंत्री, कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा को दिया जा चुका है। ज्ञापन के माध्यम से स्वेच्छा सेवानिवृत्ति, अनुकंपा नियुक्ति जैसी महत्वपूर्ण मांगें की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह में भी सफाईकर्मचारियों ने हड़ताल की थी जिसके बाद नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन ने मांगों का 15 दिवस में निराकरण करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक किसी भी मांग का निराकरण नहीं हुआ है इसलिए सफाई कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

### महज तीन में लक्ष्य पूर्ण, 1 करोड़ 41 लाख शिवलिंग बने

## खनिज देव और अन्य कलाकारों के भजनों से गूंजा पंडाल



*__छतरपुर, देशबन्धु।__ नौगांव में चल रहे विशाल महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भक्ति ने अनूठी शक्ति दिखाई और महज तीन दिन में ही सवा करोड़ शिवलिंग बनाने का लक्ष्य पूर्ण हो गया। श्रद्धालुओं ने महायज्ञ के तीसरे दिन 1 करोड़ 41 लाख एक हजार 466 शिवलिंग निर्माण किए। इस मौके पर नगर नौगांव के मीडिया कर्मियों को गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री ने सम्मानित किया। पार्थिव शिवलिंग को थालों में सजाकर विधायक नीरज दीक्षित और उनके साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नदी में पहुंचकर भक्तिभाव के साथ विसर्जित किया।*

*ब्रम्हलीन गृहस्थ संत पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के 88वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर नौगांव में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रूद्राभिषेक एवं 18 पुराण के धार्मिक आयोजन के तीसरे दिन दद्दा देवप्रभाकर शास्त्री के ज्येष्ठ पुत्र गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री के सानिध्य में शिव भक्ति में अनूठी शक्ति दिखाई। भजनों की धुनों पर भक्ति में सराबोर होकर श्रद्धालुओं ने तीसरे दिन ही सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लक्ष्य को पूर्ण कर डाला। महायज्ञ के पहले दिन श्रद्धालुओं ने 29 लाख 62 हजार 11 शिवलिंग निर्माण किए थे। दूसरे दिन 47 लाख 22 हजार 33 पार्थिव शिवलिंग बनाने के बाद तीसरे दिन 1 करोड़ 41 लाख एक हजार 466 शिवलिंग निर्माण शिव भगवान को लक्ष्य समर्पित कर दिया। इस मौके पर नगर नौगांव के मीडिया कर्मियों ने मंच पर पहुंचकर न सिर्फ श्रीमद भागवत की आरती उतारी बल्कि उन्हें डॉ. अनिल शास्त्री बड़े भैया ने सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर छतरपुर से पहुंचे भजन गायक खनिज देव सिंह चौहान ने दद्दा देवप्रभाकर शास्त्री की भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए तो श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। सोमवार को श्रीमद भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा।*

# शिविर में 103 दिव्यांगो को लगाए गए कृत्रिम अंग
# हर दिव्यांग को सबल बनाना मेरा कर्तव्य है: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में आयोजित शिविर में नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के विशेष सहयोग से सागर के 103 दिव्यांग भाई बहनों को कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग लगाए गए, उल्लेखनीय है कि विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा लगभग हर दूसरे वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमे बड़ी संख्या में दिव्यांगो का माप करके उनके कृत्रिम अंग लगाए जाते हैं, विगत 30 जुलाई को विधायक जैन के आग्रह पर नारायण सेवा संस्थान की टीम ने सागर आकर इन 103 दिव्यांगो का माप किया गया था, आज जब विधायक शैलेंद्र जैन इनको कृत्रिम अंग लगने के बाद उनसे मिले तो लोगों के चेहरे पर उनके लिए धन्यवाद और संतुष्टि के भाव थे की उनके प्रयासों से वह लोग दोबारा आम लोगो की तरह चल सकेंगे। इस अवसर पर विधायक जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि ईश्वर ने मुझे यह अवसर दिया है कि अपने दिव्यांग भाई बहनों के लिए कुछ कर पा रहा हूं और मेरा प्रयास है की कोई भी दिव्यांग भाई-बहन ऐसा ना शेष रहे जो अपने आप को कमजोर समझे, चलने फिरने में अक्षम हो इसके लिए मैं विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं नारायण सेवा संस्थान को जो मेरे आग्रह पर हमेशा सागर में विशेष कैंप के लिए आते हैं।



## पालकी यात्रा निकाली


**सागर, देशबन्धु।** तिली वार्ड द्वारका बिहार कॉलोनी में स्थित श्रद्धा साबरी श्री साईं राम बाबा साब जी की पं. शरद शर्मा के द्वारा पालकी यात्रा वार्ड के विभिन्न स्थानों से होती हुई निकाली गई। पालकी यात्रा को पूर्व विधायक सुनील जैन, निधि जैन, पवन पटेल, राजेश पटेल, मनोज चौरसिया, मीना पटेल, अभय पटेल वार्ड के बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए।

# उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन में सास-बहु और पति-पत्नि ने एक साथ दी परीक्षा



**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 21 के प्रावधानों के अनुसार सागर जिले में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के असाक्षरों को नवसाक्षर करने हेतु पूरे भारत में एक साथ आज सामाजिक चेतना केन्द्र पर मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में सागर जिले के 1757 केन्द्रों पर लगभग 21,262 असाक्षरों ने परीक्षा में सहभागिता की। परीक्षा में शास. माध्यमिक शाला गंभीरिया में एक-साथ फिर सास-बहु ने परीक्षा दी जिसमें बहू कीर्ति बाई 27 वर्ष व सास मुन्नी बाई 55 वर्ष ने बड़े उत्साहित होकर साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित हुई। इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक शाला घूघर में पति-पत्नि ने सहभागिता की। नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत 2027 तक सागर जिले को पूर्ण साक्षर बनाने के लिये कलेक्टर दीपक आर्य द्वारा जिले में मूल्यांकन परीक्षा केन्द्र की मॉनीटरिंग गठित टीम से करवायी गई जिसमें मुख्यत: अरविन्द जैन जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ. गिरीश मिश्रा डीपीसी, केके मिश्रा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद व बीआरसी विकासखंड सह समन्वयकों का भी विशेष मार्गदर्शन व सहयोग से ही यह मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा सफल रही हैं।

# सपनों को साकार करने के लिए हुआ कार्यक्रम अभ्युदय




**सागर, देशबन्धु।** एकनाथ स्मृति सेवा न्यास द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी हेतु संस्थान एकनाथ अनुशासन संस्थान के द्वारा शासकीय सेवा में भर्ती हेतु आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं मार्गदर्शन हेतु मप्र लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विपिन व्यौहार, महापौर संगीता तिवारी एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. मनीष वर्मा मुख्य अतिथि में प्रतियोगी परीक्षा में आने वाली चुनौतियां एवं समाधान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विपिन व्यवहार ने विद्यार्थियों के समक्ष समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीति स्वाध्याय की महत्व को बताते हुए अपने अध्यक्ष के अनुभव को साझा करते हुए कहा जिस प्रकार बालक बार-बार लिखकर लेखन शैली विकसित करता है एवं बार-बार बोलकर दोहराकर वह भाषा शैली दुरुस्त करता है, उसी प्रकार हमें इन प्रतियोगी परीक्षा में बार-बार अभ्यास करने की बोलने की शैली विकसित करना चाहिए। डॉ. मनीष वर्मा ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज की प्रतियोगी परीक्षा में और जब 1990 के दशक में वह चयनित हुए थे और मैं काफी अंतर आ चुका है आज ज्ञान विज्ञान चारों ओर बिखरा पड़ा है हमें समेटने की आवश्यकता है और लक्ष्य अनुरूप उसे बांधने की आवश्यकता है। महापौर संगीता तिवारी ने सागर में चल रहे इस नि:शुल्क कोचिंग एकनाथ अनु शिक्षण संस्थान के इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सागर के लिए गौरांवित करने वाला क्षण है, यह संस्थान न केवल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी करा रहा है। अपितु उनको निशुल्क पाठ सामग्री भी उपलब्ध कराता है, पुस्तकालय की व्यवस्था एवं सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ भी विद्यार्थियों को प्राप्त हो रहा है, जिसमें आज सागर सहित मप्र के अन्य जिलों की लगभग 1500 विद्यार्थी अध्यनरत है, सभी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए शुभकामनाएं। कार्यक्रम का संचालन अनुराग भोजपुरिया एवं आभार प्रदर्शन अनिल अवस्थी द्वारा व्यक्त किया गया।

## अनिल वाजपेयी की किताब का लोकार्पण 28 को

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि के भौतिकी विभाग में वर्षों तक अध्यापनरत रहे तथा अकादमिक स्टाफ कॉलेज के उपनिदेशक से सेवानिवृत्त हुए अनिल वाजपेयी रज्जन भैया की कविताओं व गद्य रचनाओं के संग्रह फैयाज खां जिनके मौसिया थे का लोकार्पण समारोह 28 सितम्बर को वरदान होटल के सभागार में दोपहर 2.30 बजे आयोजित किया जा रहा है।

# बेटियों की महिमा, कि अनमोल धन होती हैं बेटियां: नीलम बहन



**सागर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवाकेंद्र सागर के तत्वावधान में श्री ठाकुर देवलिया मंदिर सदर बाजार में श्री मदभागवत गीता पर आधारित ज्ञान यज्ञ एवं राजयोग शिविर के तृतीय दिवस में प्रवचनकर्ता राजयोगिनी बीके नीलम बहन ने कहा की सृष्टि के काल चक्र को स्वास्तिका के रूप में दिखाया गया हैं। हर शुभ कार्य के शुरुआत में स्वास्तिक चिन्ह बनाया जाता हैं, इसे परम्परा से ही शुभ प्रतीक मान स्वीकार कर लिया गया। हम स्वयं को और अपने जन्मों को भूल गए हैं। इसलिए परमपिता शिव परमात्मा अवतरित होकर हम मनुष्य आत्माओं के लिए सृष्टि के चक्र का सत्य ज्ञान दे रहे हैं। राजयोग सिखला कर, शिक्षा देकर नर से श्रीनारायण और नारी से श्रीलक्ष्मी बनने का मार्ग बता रहे हैं। आज हम बीज रूप शिव परमात्मा को भूल पत्ते-पत्ते को पूज रहे हैं। दिनों के हिसाब से हम देवी.देवताओं को पूजते हैं, भोग लगाते हैं। यह हमारा जीवन भी यज्ञशाला हैं जैसे यह सात दिवसीय श्री मदभागवत गीता ज्ञान यज्ञ हैं। हमें बेटियों को मर्यादा, श्रेष्ठ संस्कार देना हैं। बेटियां धरोहर हैं। आज हम फैशन का सेंस तो सिखाते है कि समय के साथ चलो। परंतु हमें अपनी संस्कृति को नही भूलना है। अपने सच्चे स्वरूप को जानना है। बेटियों को शक्ति स्वरूपा बनाएं। अपनी बेटी को चांद का टुकड़ा नहीं सूरज के समान बनाइये ताकि कोई बुरी नजर उठाने की कोशिश न कर सके। वो घर स्वर्ग हैं जिस घर में बेटियां है। इस अवसर पर बीके छाया दीदी, बीके लक्ष्मी बहन, आरती बहन और अन्य भाई-बहन, माताएं और नगरवासी शामिल रहें।

## पर्यटन क्षेत्र में नवीन टेक्नोलॉजी के साथ बढ़ने की जरुरत: प्रो. नीलिमा गुप्ता

**सागर, देशबन्धु।** भूगोल विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन हुआ। इस राष्ट्रीय सेमिनार में लगभग 11 राज्यों एवं 12 विश्वविद्यालयों के 78 प्रतिभागीयों ने भाग लिया एव इस महत्वपूर्ण विषय पर विभिन्न सत्रों में 65 शोध पत्रों का वाचन किया गया। सेमीनार के समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. विश्वजीतराय चौधरी, कोलकाता ने बताया कि सेमीनारों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के दिमागों के संगम से नये विचारों का जन्म होता हैं, और इन विचारों से वैश्विक समस्याओं का समाधान हो सकता है। मप्र भारत का हृदय स्थल है जहां पर्यटन की अपार विरासते छिपी हुई है जिनको प्रकाश में लाने की जरुरत है। प्रो. सलाउद्दीन कुरैशी अलीगढ गेस्ट ऑफ ऑनर ने बताया कि भारत में पर्यटन क्षेत्र की अपार संभावनाएं हैं। सांस्कृतिक पर्यटन भविष्य में एक प्रमुख पर्यटन क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। प्रो. जेएल जैन भूतपूर्व विभागाध्यक्ष ने बताया कि हमें पर्यटन को एटलस और फोटोयुक्त मानचित्रण कर पर्यटकों की यात्रा को आसान करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने भारत में भौतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विविधताओं का समागम पर जोर देते हुए भारत की विविधता के स्वरुप को चित्रित किया। उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। क्योकि यंहा पर पांच विभागों के म्यजियम को फाइव जेम्स के रूप में विकसित करने की बात कही साथ ही पर्यटन में सॉफ्ट स्किल के के माध्यम पर प्रसारित करने के सम्बन्ध में अपने विचार साझा किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आरबी अनुरागी ने आभार मानते हुए भविष्य में इस तरह के आयोजन को बड़े पैमाने पर आयोजित करने का भरोसा देते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रो.फे सटीशना बाबू एस गोवा, डॉ. आरपी सिंह इलाहाबाद, डॉ. संजय कुमार बनारस, डॉ. अनिल कुमार बिहार, डॉ. शशि कुमार सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# सोशल मीडिया से होने वाले दुष्परिणाम को लेकर बच्चों ने किया स्टेज शो



**मकरोनिया, देशबन्धु।** अंकुर कालोनी में श्री ज्ञान सागर संस्कार केंद्र पाठशाला के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया नाटिका प्रस्तुत की, इसमें बच्चों ने फेसबुक, व्हाट्सएप, गूगल, इंस्टाग्राम, टिकटाक के किरदार बनकर वर्तमान समय में इन सब चीजों से होने वाले नुकसान और बच्चों के मन मस्तिष्क पर पड रहे प्रभाव को दर्शाती हुई नृत्य नाटिका पेश की। ट्रस्ट कमेटी से मनोज जैन लालो ने बताया यह वर्तमान का सबसे ज्वलंत मुद्दा है, पाठशाला की बहनों में माया, सीमा, वर्षा एवं दीपाली जैन द्वारा इस विषय का चयन किया गया। ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी ने कहा कि प्रस्तुति देने के लिए बच्चों के द्वारा अथक परिश्रम करके स्टेज शो तैयार किया वो बधाई के पात्र है, जिन भी बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन आकाश बजाज एवं सुकमाल जैन ने किया।

## मुक्तिधाम में चलाया साफ-सफाई अभियान



**सागर, देशबन्धु।** गोपालगंज मुक्तिधाम में चलाया साफ-सफाई अभियान श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति द्वारा समशान घाटो में साफ-सफाई कर कचड़े को डिस्पोज किया सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कोरी फोटोग्राफर ने कहा कि विगत वर्षों से विभिन्न विभिन्न श्मसान घाटो में साफ-सफाई, पुताई एवं वृक्षारोपण करते आ रहे हैं इस काम की लोगों ने सराहना की, इस दौरान बृजेश कोरी, उमाशंकर रैकवार, मोहन यादव, शिवराम पटेल, भगवानदास रैकवार आदि उपस्थित थे।

# मन को जीतने वाला विश्व को जीत सकता है: मुनिश्री



**शाहगढ़, देशबन्धु।** पर्यूषण पर्व के छठवें दिन उत्तम संयम धर्म के दिन रविवार को जिनालयों में दशलक्षण पूजन, भगवान शीतल नाथ पूजन हुई, पंचायती जिनालय में मुनिश्री विरंजन सागर के मुखारबिंद से शांति धारा हुई। सुगंध दशमी पर महिलाओं ने एकाशन उपवास किया, सुख समृद्धि खुशहाली की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं सभी ने तिलक बिंदी लगाकर भावना भायी। समय अपनी गति से चल रहा है भगवान महावीर स्वामी के शासनकाल में उनकी दिव्य देशना का रसपान आज उत्तम संयम धर्म के दिन कर रहे हैं, जिस प्रकार स्त्री के शील तलवार में धार का महत्व होता है उसी प्रकार प्राणी मात्र में संयम रूपी ब्रेक जरूरी होता है, जिस इंसान के अंदर इंद्रिय रूपी ब्रेक है तो वह इंसान नियंत्रण में चलता है, इंद्रिय रूपी मेन स्विच गिरा लिया तो सारी इंद्रियां कंट्रोल में हो जाती हैं, यह बात मुनिश्री विरंजन सागर ने पर्यूषण पर्व की छठवें दिन उत्तम संयम पर्व के दिन रविवार को कहीं, मुनिश्री ने कहा कि इंद्रियों को जीतने के लिए मन को जीतो, जो मन को जीत लेता है वह विश्व को जीत लेता है, मनमौजी मत बनो मन के मालिक बनो। हमारे मुनिराज मन को अपने अनुकूल चलाते हैं और श्रावक मन के अनुकूल चलते हैं संत और श्रावकों में मात्र यही अंतर है, मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। मन नियंत्रण में हो तो इंद्रियां नियंत्रण में होती है। वही दोपहर में मुनिश्री ने विधान में मौजूद महिलाओं को सुगंधा दशवी की कथा सुनाई। मुनि श्री ससंघ सहित सकल जैन समाज विशाल जुलूस के साथ नगर के पंचायती, सिंघई, बिलेया, शांति बिहार, देवानंदी, सीमांधर ऐसे सभी नगर के छह जिनालयों की सामूहिक पैदल वंदना करते हुए मंदिरों में धूप चढ़ाई गई, और सभी मंदिरों के दर्शन किए। रात्रि में विद्यासागर आरती संघ द्वारा आकर्षित झांकी सजाई, वहीं पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# ब्लॉक कांग्रेस क्र. 3 में प्रमाण पत्र वितरित किये

**सागर, देशबन्धु।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक क्रमांक तीन में ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शहर राजकुमार पचौरी ने कहा कि सभी एकजुटता से कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में जिताने जुट जाए। प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित ने कहा कि कांग्रेस में जिसके पास जो जिम्मेदारी दी गई हैं उसको ईमानदारी से निभाए। जिला शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने सभी कार्यकारिणी के साथियो को बधाई दी। अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष योगराज कोरी ने कहा सभी नियुक्त पदाधिकारी अपने अपने बूथ को मजबूत करें। इस अवसर पर पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, जितेंद्र रोहण, शैलेन्द्र तोमर, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, अब्दुल अजीज अंसारी आदि उपस्थित थे। आभार नरेश बाल्मीकि ने व्यक्त किया।



# कार्यकर्ता महाकुंभ आज भोपाल में

## जिले से कार्यक्रम में शामिल होंगे लगभग 25 हजार कार्यकर्ता



**सागर, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पर आज भोपाल में होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियां में भाजपा जुटी हुई है। कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रदेश भर से 10 लाख कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। राजधानी में होने वाले सबसे बडे एकत्रीकरण को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह व्याप्त हैं। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने बताया कि कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होने के लिए सागर जिले की 8 विधानसभाओं के 2118 बूथों से लगभग 25000 हजार कार्यकर्ता भोपाल पहुचेंगे। कार्यकर्ताओं को भोपाल कार्यक्रम स्थल तक लाने ले जाने हेतु आवश्यक तैयारिया पूर्ण हो चुकी हैं, जिले के सभी मंडलों से भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। सागर विधान सभा क्षेत्र में नगर मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 29 रामपुरा वार्ड में जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, आशुतोष बजाज ने शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 82, 83, 84, 85 में बूथ समिति, पन्ना समिति एवं शक्ति केंद्र में निवासरत वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचकर उन्हें पीले चावल देकर भोपाल में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया।

देशबन्धु

सागर, सोमवार 25 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# नये भवन से बिधूड़ी के भयानक संकेत

पिछले सप्ताह जब भारतीय लोकतंत्र अपना ठिकाना बदल रहा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'संसद नये विश्वास, नये संकल्प और नयी ऊर्जा के साथ पुराने भवन से नये भवन की ओर जा रही है', तब किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने यह उत्साह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ध्वस्त कर देने के लिये अर्जित किया है। उसका सम्बन्ध उन सकारात्मक विचारों से बिलकुल नहीं है जो संसद के भीतर प्रदीर्घ तथा बाहर मीडिया के समक्ष संक्षिप्त उद्‌बोधनों के जरिये मोदी व्यक्त कर रहे थे। 18 से 22 सितम्बर तक आयोजित विशेष सत्र के चौथे दिन (जो सत्र का आखिरी दिन साबित हुआ क्योंकि उसे 21 को ही समेट दिया गया) की देर रात जब लोकसभा में चन्द्रयान की सफलता को लेकर चर्चा हो रही थी, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा के लोकसभा सदस्य (बहुजन समाज पार्टी) दानिश अली को वह सब कुछ कह दिया जो असंसदीय तो था ही, बेहद शर्मनाक, अमानवीय और सीधे-सीधे आपराधिक कृत्य की श्रेणी में भी आता है। सदन के अध्यक्ष द्वारा दोबारा ऐसा करने पर कार्रवाई की चेतावनी देने और एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा बयान को अफसोसनाक कहकर बिधूड़ी को तो बचा लिया गया लेकिन उन्होंने जो कहा, वह साफ संकेत है कि भाजपा अपने नफरती एजेंडे के जरिये सामाजिक ध्रुवीकरण करने के नूतन विश्वास एवं नवसंकल्प के साथ नये-नवेले भवन में आई है; और उसकी (नकारात्मक) ऊर्जा चरम पर है।

बिधूड़ी का बयान कोई तैश में आकर या अनायास आया वक्तव्य नहीं है। अपनी कट्टरता के लिये पहचाने जाने वाले दक्षिण दिल्ली के ये सांसद भाजपा के उसी सम्प्रदाय के एक अनुयायी हैं जिनमें अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा, प्रज्ञा ठाकुर, नुपुर शर्मा, हिमंता बिस्व सरमा आदि हैं। इनके दिल में विरोधी राजनैतिक दलों व उनके नेताओं के अलावा सांप्रदायिक कट्टरता इतनी है कि गाहे-बगाहे उनका लावा फूटता रहता है। यह भाजपा का खाद-पानी है जिसके बल पर उसकी वोटों की खेती लहलहाती है इसलिये दिखावे के लिये कभी-कभार चाहे पार्टी नेतृत्व को उनकी निंदा करने वाला कोई बयान आ जाता हो, परन्तु ये पार्टी के लिये बेहद उपयोगी लोग हैं। पूरा नेतृत्व संसद के भीतर हो या बाहर, उन्हें बचाने में देर नहीं लगाता। कड़ुवे बोलने वाली नुपूर शर्मा व प्रवेश वर्मा को पार्टी ने 'फ्रिंज एलीमेंट' कहकर सुरक्षित निकाल लिया, तो प्रज्ञा ठाकुर द्वारा महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को 'देशभक्त' कहने पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाय मोदी ने इतना कहकर मामले पर मिट्टी डाल दी कि 'वे (प्रधानमंत्री) उन्हें (प्रज्ञा को) दिल से कभी माफ नहीं कर पायेंगे।' अब भी बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई न होना बतलाता है कि भाजपा का इन पर भरोसा व प्रेम कायम है।

क्या यह गुस्सा परिस्थितिवश अचानक उबाल मार गया या यह सोची-समझी साजिश है? कहा जा सकता है कि दोनों का ही इसमें समावेश है। पिछले कुछ समय से भाजपा की केन्द्र सरकार की नाकामियां एक-एक कर सामने आ रही हैं। मोदी सरकार के तमाम फैसले निष्फल साबित हो चुके हैं, फिर वह चाहे उज्ज्वला योजना हो या मेक इन इंडिया या फिर स्टार्ट अप इंडिया। नोटबन्दी से लेकर जीएसटी के दुष्परिणाम भी लोगों को पता चल गये हैं। गौतम अदानी को लेकर भी मोदी-भाजपा कठघरे में हैं। हिन्दू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान, श्मशान-कब्रिस्तान से उब चुके लोगों को भौतिक ज़रूरतों का महत्व फिर से ज्ञात होने लगा है। भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले कांग्रेस की सरकार वाले प्रदेशों में लोगों के बेहतर जीवन स्तर की लोगों को जानकारी मिल रही है। इसका परिणाम हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में मिल चुका है। इतना ही नहीं, इसी माह हुए 7 उपचुनावों के नतीजों ने भी भाजपा की कमजोर होती जमीन का अंदाजा दे दिया है। मोदी की छवि सतत गिरावट दर्ज कर रही है तो उनके मुकाबले में राहुल गांधी मजबूत होते दिख रहे हैं। भाजपा के अनुमानों के विरूद्ध 28 दलों का विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' लगातार ताकत बटोर रहा है जिसके कारण उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की बड़ी पराजय हुई। जी-20 से लेकर नये संसद भवन को लेकर जो कार्यक्रम बनाये गये थे, उनके अपेक्षित लाभ मोदी की छवि सुधारने की दिशा में नहीं मिल सके। इतना ही नहीं, महिला विधेयक के नाम पर मोदी ने महिला मोर्चे की ओर से चाहे अपना स्वागत-सत्कार करा लिया हो लेकिन देश जान चुका है कि यह छलावा मात्र है क्योंकि इसका लाभ 2029 के पहले महिलाओं को मिल नहीं सकेगा। यह सरकार खुद ही स्पष्ट कर चुकी है। अपनी पार्टी व नेता की गिरती छवि के साथ मिलती असफलताओं से क्षुब्ध बिधूड़ी द्वारा एक अल्पसंख्यक सांसद को उग्रवादी, मुल्ला, कटुआ, बाहर देख लेने की धमकी देना उसी भड़ास का निकलना है।

दूसरी ओर, यह वर्षों से भाजपा एवं उसकी मातृ संस्था मोदी की मुस्लिम विरोधी मानसिकता का भी परिणाम है। बिधूड़ी जो बोले, इन संस्कारों से पोषित-प्रशिक्षित जमात वर्षों से कहती आई है। फर्क इतना सा है कि अब की यह बात ऐसे मंच से कही गई है जहां मर्यादाओं का पालन अब भी थोड़ा-बहुत होता है, शर्म-ओ-हया फिर भी शेष है, लिहाज होता है। जिस पार्टी का प्रधानमंत्री लोगों को कपड़ों से पहचान लेने की बात करता हो, चुनावी मैदान में 80 बनाम 20, गौमाता या बजरंग बली के फार्मूले लेकर उतरता हो, उसके एक सिपहसालार से यही उम्मीद की जा सकती है। बहुमत के बल पर बिधूड़ी को तो बचाया जा सकता है, पर लोकतंत्र को नहीं! बिधूड़ी ने ये भयावह संकेत दिये हैं।

# जुल्म सब पर बढ़ रहा है और राहुल सबके साथ खड़े हैं

यह कमजोरी नहीं भरोसा है। अपने देश पर, यहां के नागरिकों पर, देश की मिली-जुली सभ्यता, संस्कृति, गलत को गलत कहने का साहस और भारत के बहुसंख्यक लोगों पर।


राहुल ने पहले दिन ही दिखा दिया। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी का लोकसभा में दानिश अली को गालियां देते हुए, धमकी देते हुए वीडियो सामने आते ही राहुल दानिश अली से मिलने उनके घर पहुंच गए। दानिश को इससे कितनी ताकत मिली यह उनके शब्दों से मालूम पड़ती है जो उन्होंने कहा कि मुझमें वापस हिम्मत और ताकत आई है। मैं रात भर सो नहीं पाया था। लगता था दिमाग की नस फट जाएगी। मगर अब राहुल जी से मिलने के बाद मेरा भरोसा वापस आया है कि सब मेरे साथ हैं।

यही भरोसा सबसे बड़ी बात है। भाजपा और संघ यह सब आज से नहीं कर रहे हैं। गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी और संघ प्रमुख गोलवलकर को लिखा था कि यह सांप्रदायिक विष हिन्दू महासभा और आरएसएस ने फैलाया है। मुखर्जी और गोलवलकर इन संगठनों के लिए रियायत मांगते हुए नेहरू और पटेल को पत्र लिख रहे थे। पटेल ने 19 सितम्बर 1948 को गोलवलकर को लिखे पत्र में कहा कि संघ के सारे भाषण सांप्रदायिक विष से भरे होते हैं। कांग्रेस का विरोध करने में भी सभ्यता और शिष्टता का ध्यान नहीं रखा जाता। याद रहे यह आज भी हो रहा है। घमंडिया कहने से लेकर सुर्पणखा, कांग्रेस की विधवा, महात्मा गांधी, नेहरू, इन्दिरा, राहुल सब के खिलाफ चरित्र हनन अभियान आज भी चल रहा है।

खैर तो उस पत्र में सरदार पटेल साफ शब्दों में कहते हैं कि इसी जहर का फल यह हुआ कि गांधीजी की अमूल्य जान चली गई। साथ ही सरदार पटेल ने यह भी लिखा कि उनकी मृत्यु पर आरएसएस वालों ने हर्ष प्रकट किया मिठाई बांटी। सरदार पटेल आगे लिखते हैं कि हम लोगों को आशा थी कि छह महीने हो गए हैं आप लोग सीधे रास्ते पर आ जाएंगे मगर मेरे पास जो रिपोर्ट्स आती हैं उनसे मालूम होता है कि संघ पुरानी कार्रवाइयों को नई जान देने का प्रयत्न कर रहा है।

वह नई जान देने की कोशिश का ही परिणाम है कि आज भी भाजपा की भोपाल से सासंद प्रज्ञा ठाकुर गोडसे को महान देशभक्त बताती हैं। नफरत की खेती जैसा सरदार पटेल ने लिखा था लगातार जारी है। लेकिन उसके बरअक्स मोहब्बत की दुकान भी लगातार चल रही है। भाजपा बहुत पूछती है कि सत्तर साल में क्या हुआ। सत्तर साल में देश में प्रेम और सद्‌भाव का माहौल बनाए रखा गया। वह भाषा कभी संसद में नहीं बोली गई जो अभी भाजपा सांसद बिधूड़ी ने लोकसभा में बोली।

भाजपा और संघ इसके बचाव में सामने आ गया है। ठीक वैसे ही जैसे ऊपर बताया कि गोलवलकर और श्यामाप्रसाद मुखर्जी उस समय संघ और हिन्दू महासभा का बचाव कर रहे थे। इसमें कोई नई बात नहीं है। सिवाय इसके कि उस समय नेहरू और पटेल जैसे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे जो इन नफरती ताकतों को मजबूत जवाब दे रहे थे और आज के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री खामोश हैं।



शकील अख्तर

**राहुल आज वैसे ही काम कर रहे हैं। वे हर उस जगह मौजूद होते हैं जहां पीड़ित की आवाज सुनने कोई नहीं जा रहा होता। अपनी यात्रा लेकर कश्मीर गए। पैदल। वहां के लोगों की बात सुनी। मणिपुर गए वहां के लोगों की पीड़ा को पूरे देश तक पहुंचाया। छुपाया जा रहा था कि वहां कैसे हिंसा हो रही है। एक जातीय समुदाय दूसरे के इलाके में नहीं जा सकता। गृह युद्ध करवा दिया गया है।**

मगर राहुल नहीं। राहुल ने दानिश अली के घर जाकर केवल दानिश अली को हिम्मत और ताकत नहीं दी है। देश के हर सताए जा रहे व्यक्ति को भरोसा दिया है कि मैं आपके साथ हूं। दानिश अली बसपा के सांसद हैं। मगर ये उम्मीद करना बेकार है कि मायावती उनसे मिलने आतीं। मायावती तो हाथरस की उस दलित लड़की के बलात्कार और रातों-रात उसका शव जला दिए जाने के बाद भी उसके परिवार के पास नहीं पहुंची थीं। राहुल और प्रियंका ही पहुंचे थे। और दूसरी कोशिश में। पहली बार तो सरकार ने जाने ही नहीं दिया था। उसी समय राहुल को धक्का मारकर नीचे गिराया गया। लाठी चार्ज हुआ जिसे प्रियंका ने अपने कार्यकर्ताओं को बचाने के लिए अपने हाथों पर रोका।

राहुल और प्रियंका लखीमपुर खीरी भी गए। जहां केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा ने 8 किसानों को अपनी जीप से रौंदकर मारा डाला था। राहुल मणिपुर भी गए। हर उस जगह गए जहां अन्याय अत्याचार हुआ।

देश को इसी की जरूरत है। यहां कोई तुलना नहीं की जा रही। न ही वह हो सकती है। मगर सिर्फ इतिहास के तौर पर वह दौर याद आता है जब गांधी ऐसे ही किसानों का साथ देने के लिए 1917 चंपारण पहुंच गए थे। जिसे नील आंदोलन या चंपारण सत्याग्रह कहा जाता है। इसी तरह दलित आंदोलन 1933 में। छुआछूत के विरोध में। और 15 अगस्त 1947 को जब देश आजाद हुआ तो गांधी उस आजादी के जश्न में शामिल नहीं थे वे कोलकाता में शांति स्थापना के काम में जुटे हुए थे। लोगों को सांप्रदायिकता की आग से बचाने के लिए।

राहुल आज वैसे ही काम कर रहे हैं। वे हर उस जगह मौजूद होते हैं जहां पीड़ित की आवाज सुनने कोई नहीं जा रहा होता। अपनी यात्रा लेकर कश्मीर गए। पैदल। वहां के लोगों की बात सुनी। मणिपुर गए वहां के लोगों की पीड़ा को पूरे देश तक पहुंचाया। छुपाया जा रहा था कि वहां कैसे हिंसा हो रही है। एक जातीय समुदाय दूसरे के इलाके में नहीं जा सकता। गृह युद्ध करवा दिया गया है। उसके बाद ही महिला अत्याचार पर वह वीडियो आया था जिसने हर इंसान की रुह को कंपा दिया था। मगर प्रधानमंत्री फिर भी वहां नहीं गए। राहुल कोरोना में पैदल अपने गांव जाते मजदूरों से मिलने गए। किसान आंदोलन में गए। हर जगह गए।

तो इसके क्या संदेश हैं? दो- एक यह कि अन्याय अत्याचार किसी एक समुदाय पर नहीं हो रहा। साढ़े नौ साल में किसी को नहीं छोड़ा गया। दलित सबसे बड़ा शिकार है। गुजरात में नंगा करके बांध कर मारे जाने के दृश्य सबने देखे होंगे। छात्र रोहित वेमुला को आत्महत्या करनी पड़ी। उल्टे इल्जाम उसी पर लगाए गए। उसी के जवाब में वेमुला की मां राहुल की यात्रा में शामिल हुई थी। अभी ऊपर बताया कि गांधी ने 90 साल पहले दलितों के सम्मान के लिए आंदोलन किया था। और उसी के अनुरूप संविधान में समानता सम्मान का दिया भी गया। मगर पिछले साढ़े 9 साल में घड़ी की सुई उलटी घुमा दी गई। फिर से उन पर अत्याचार बढ़ गए। और उनकी नेता बनने का दावा करने वाली मायावती एक जगह भी उनका दर्द बांटने नहीं पहुंची। जबकि राहुल हर जगह पहुंचे। ओबीसी पर तो अभी सबसे बड़ा प्रहार महिला बिल में कर ही दिया गया। सोनिया गांधी और राहुल ने उनके लिए आवाज उठाई। मगर प्रधानमंत्री ने कोई आश्वासन नहीं दिया कि महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को कोटा दिया जाएगा। आदिवासी के तो सिर पर मध्य प्रदेश की सीधी में भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला ने पेशाब किया। सिर्फ मुसलमान ही नहीं समाज के हर वर्ग पर इन नफरती ताकतों ने प्रहार किया।

तो पहला संदेश यह है कि जो राजनीति नकारात्मक होती है। प्रतिक्रियावादी होती है नफरत उसका अनिवार्य अंग होती है। पूरे समाज को जलाकर खाक कर देती है। यही बात राहुल ने कही थी कि इन्होंने पूरे देश में केरोसिन छिड़क दिया है।

और दूसरा संदेश यहीं इसी राहुल से शुरू होता है कि चाहे जितना निराशा का माहौल हो उसमें एक किरण उम्मीद की राहुल ने जलाए रखी है। राहुल पूरी ताकत और हिम्मत से अन्याय और अत्याचार के खिलाफ हर जगह जाकर खड़े हो रहे हैं।

और जैसा कि मणिपुर की महिलाओं ने कहा दनिश अली ने कहा कि उनके आने से ही हिम्मत आ गई। और यह सबसे बड़ी बात है। सबसे बड़ा संदेश कि कोई है!

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# आम चुनाव को लेकर पाकिस्तानी नागरिकों में कोई उत्साह नहीं

■ अरुण कुमार श्रीवास्तव

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को कहा कि नेशनल असेंबली में नये सदस्यों को चुनने के लिए पाकिस्तान का अगला आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में होगा। चुनाव निकाय ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों की प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को जारी होगी जबकि अंतिम सूची 30 नवंबर को जारी की जायेगी। हालांकि, मतदान की सटीक तारीखों की घोषणा अभी बाकी है।

अगस्त में, पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर संसद को भंग कर दिया, जिससे आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया। पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, आम चुनाव संसद भंग होने के 90 दिनों के भीतर पूरे हो जाने चाहिए। नतीजतन, चुनाव अक्टूबर या नवंबर में होने की उम्मीद थी। हालांकि, ईसीपी ने कहा कि नयी जनगणना के आलोक में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन करने के लिए उसे और समय चाहिए। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक कक्कड़ सरकार के दैनंदिन कार्यों को देख रहे हैं।

नेशनल असेंबली में 336 सदस्य हैं, जिनमें 60 सीटें महिलाओं के लिए और 10 गैर-मुसलमानों के लिए आरक्षित हैं। पंजाब में 173 सीटें, सिंध में 75, खैबरपख्तूनख्वा में 55, बलूचिस्तान में 20 और संघीय राजधानी क्षेत्र में 3, कुल 336 सीटें हैं।

**चुनावों से ज्यादा पाकिस्तान की नियति पर विचार करने का एक अवसर है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अगली सरकार कौन सी पार्टी बनायेगी, क्योंकि लोग इस समय केवल खोखले शब्दों की ही उम्मीद कर सकते हैं। उन्हें अपने जीवन में कोई राहत नहीं मिलने वाली है, जबकि देश की प्रतिष्ठा उत्तरोत्तर धूमिल होती जायेगी।**

2018 के पाकिस्तान आम चुनावों में, इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को 149 सीटें, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज शरीफ) को 82, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को 54 और मुत्ताहिदा मजलिस-ए-अमल को 15 सीटें मिलीं। नेशनल असेंबली में उल्लेखनीय उपस्थिति हासिल करने वाले अन्य राजनीतिक दलों में ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (3), मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (7), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्यू (5) और बलूचिस्तान अवामी पार्टी (5) शामिल हैं।

इस व्यापक आशंका के बीच कि, चुनाव अनिश्चित काल के लिए स्थगित किये जा सकते हैं, ईसीपी की घोषणा से उम्मीद जगी है कि चुनाव वास्तव में होंगे। फिर भी, अभी कुछ भी सुनिश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता।

एक और उल्लेखनीय घटनाक्रम पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की अक्तूबर में देश लौटने और आगामी चुनावों के लिए पार्टी को एकजुट करने की योजना है। नवाज शरीफ पंजाब से आते हैं, जबकि पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान खैबरपख्तूनख्वा से हैं। परंपरागत रूप से पंजाबी नेता पाकिस्तान की राजनीति में दबंग भूमिका निभाते रहे हैं। पाकिस्तान में एक महत्वपूर्ण जातीय और जनजातीय आबादी है, और पंजाब के राजनेताओं के प्रभुत्व वाली राष्ट्रीय राजनीति देश की समग्र राजनीति और अर्थव्यवस्था के साथ अच्छी तरह से मेल नहीं खाती है।

उदाहरण के लिए, बलूचिस्तान के लोग सरकार के हर काम का विरोध कर रहे हैं, जिसमें बेल्ट एंड रोड पहल के तहत चीनी परियोजनाएं भी शामिल हैं। इसी तरह, खैबरपख्तूनख्वा सरकार से मिलने वाले सौतेले व्यवहार के कारण इस्लामी आतंकवाद का केंद्र रहा है। इस क्षेत्र का सबसे पहचाना जाने वाला चेहरा इमरान खान छोटे-मोटे और राजनीति से प्रेरित आरोपों पर कई महीनों से जेल में हैं।

इसलिए, पाकिस्तान को मुख्यधारा की राजनीति के नजरिए से देखना गलत विश्लेषण और निष्कर्षों के खतरों से भरा है। पाकिस्तान इस स्थिति में आ गया है कि उसे अपनी ही पीड़ा और सुंदरता के आलोक में देखने की जरूरत है। बाहरी दुनिया के लिए, पाकिस्तान को कुछ ग्लैमरस लेकिन खोखले पुरुष और महिला राजनेता वाले देश के रूप में देखा जाता है, जबकि लाखों लोग चुनौतीपूर्ण नागरिक और लोकतांत्रिक माहौल में बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रहते हैं।

इस गंभीर और जटिल वास्तविकता को देखते हुए, पाकिस्तान में चुनाव अनिश्चित और अप्रासंगिक दोनों है। यदि शरीफ खानदान या इमरान खान को छोड़ने वाले लोग सत्ता की कुर्सी पर काबिज हो गये, तो आम लोगों की स्थिति बेहतर नहीं होगी। देश ढहती अर्थव्यवस्था से लेकर बढ़ते उग्रवाद, जलवायु संकट और कानून-व्यवस्था में गिरावट तक सभी दिशाओं से चुनौतियों का सामना कर रहा है।

जब देश सबसे कमजोर स्थिति में होता है, उसी समय अपनी रोटियां सेंकने वाली निहित शक्तियां उसकी ओर आकर्षित होती हैं। पाकिस्तान बुरी तरह पश्चिमी और एशियाई शक्तियों के चंगुल में फंसा हुआ है। जबकि आईएमएफ चाहता है कि देश एक अरब डॉलर के ऋण की अगली किश्त जारी करने के लिए गरीब समर्थक नीतियों को त्याग दे, चीन धीरे-धीरे महंगी और बेकार परियोजनाओं के माध्यम से अपनी जमीन पर दावा कर रहा है। अरब जगत के लिए पाकिस्तान की उपयोगिता भी कम हो गई है क्योंकि देश को बहरीन या कतर के बजाय अगला अफगानिस्तान बनना तय लग रहा है। पाकिस्तान पूरी तरह अपना मनोबल खो चुका है।

आगामी चुनाव, चुनावों से ज्यादा पाकिस्तान की नियति पर विचार करने का एक अवसर है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अगली सरकार कौन सी पार्टी बनायेगी, क्योंकि लोग इस समय केवल खोखले शब्दों की ही उम्मीद कर सकते हैं। उन्हें अपने जीवन में कोई राहत नहीं मिलने वाली है, जबकि देश की प्रतिष्ठा उत्तरोत्तर धूमिल होती जायेगी।

पाकिस्तानी आज पाकिस्तान के बाहर चमक रहे हैं। वे इस बात की याद दिलाते हैं कि ऊंचे आदर्श और कोमल सपने कैसे गलत हो सकते हैं।

## गुरवाणी विचार

### अहंकारिआं निंदका पीठ दे- नामदेव मुख लाया

सांची लिवै बिन देह निमानी देह निमानी लिवै बाझों।
तुझ बाझ समरथ कोय नांही किरपा कर बनवारिआ।
ऐस नूं होर थांओ नांही- शब्द लाग सवारिया
केहे नानक लिवै बाझों-किआ करे विचारिया।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा तीसरे नानक अमरदास जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि इंसान को इस संसार में भेजा गया था कि वह प्रभु परमात्मा में निरंतर ध्यान लगाए रहे और उसकी सिमरन बंदगी कर अपने मानव जनम पाने का संपूर्ण रूप से लाभ उठा लेवे। वह माता के गर्भ में था तो उसका मन प्रभु परमात्मा में लगे रहता था और हर वक्त अरदास प्रार्थना करता रहता था कि- हे प्रभु परमात्मा मुझे इस गर्भ से निजात दिलवाओ क्योंकि वहां पर उलटा लटका रहता था। गर्भ से बाहर आने पर वे सांसारिक मोह माया, रिश्ते नातों, माता पिता के मोह जाल में इतना जकड़ गया कि फिर उसने अपने सृजननहार जनक पिता परमात्मा को ही विसार दिया और फिर वह प्रभु ध्यान से हटता गया और सांसारिक विषय विकारों की तरफ धन सपदा कमाने की तरफ उसका मन बंट गया और दात पिआरी विसारिआ दातारा। प्रभु द्वारा प्राप्त दात धन दौलत को तो समेटने लग जाते हैं और प्रभु को भूल जाते हैं। प्रभु ने हमें आंखें दी हैं देखने के लिए। प्रभु दर्शन करने के लिए पर मनुष्य आंखों का उपयोग नाटक चेटक, टीवी देखने आदि में करने लगा। प्रभु ने सिमरन बंदगी करने कीर्तन सुनने के लिए कान दिए पर वह इन कानों का उपयोग चुगली करने-सुनने में ही लगाए रखने लगा। इसी तरह प्रभु परमात्मा द्वारा प्राप्त अन्य इंद्रियों का भी दुरुपयोग करने लगा। वह इस बात को भूल गया कि प्रभु सिमरन बिना उसका कल्याण होने वाला नहीं है।

भगत नाम देवजी ने प्रभु परमात्मा से सांची लिव, प्रभु सिमरन बंदगी में मन रमाया तो मुहम्मद तुगलक के जुल्मों के आगे भी वह झुके नहीं और प्रभु कृपा से उसकी मरी हुए गाय भी जिंदा हो गई और सुलतान को उसके आगे शीश झुकाना पड़ा। भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए प्रभु परमात्मा को नरसिंह रूप धारण कर आना पड़ा और हिरणकश्यप को मारकर प्रह्लाद की रक्षा करनी पड़ी। इसीलिए तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाइश दी गई है कि-

हरि जुग जुग भगत उपाइआ पैज रखदा।
हिरणकश्यप दुष्ट हरि मारिआ-प्रह्लाद तराया।
अहंकारिआं निंदका पीठ दे- नामदेव मुख लाया।

भाई मनीदास जी के शीश पर बादशाह औरंगजेब के हुकम से आरा चलता रहा पर ध्यान उनका प्रभु परमात्मा में ही जुड़ा रहा। कबीर दास जी को सांकलों में बांधकर गंगा में फेंका गया पर गंगाजी ने उनके सारे बंधन काटकर मृगछाला में बैठा कर पानी की सतह पर ला बैठाया तो जिन्होंने प्रभु परमात्मा में सांची लिव लगाई, सिमरन बंदगी में मन रमाया उनकी रक्षा की। इसलिए हर इंसान को प्रभु परमात्मा के सिमरन बंदगी में लीन रहना चाहिए।

हमें हाथ पांव से कार विहार भी करना है क्योंकि उदरपोषण के लिए यह भी जरूरी है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ा रहना चाहिए। हमारा ध्यान ऐसा होना चाहिए जैसे एक पतंगबाज पतंग तो उढ़ाता रहता है अपने साथियों से बात भी करता रहता है पर ध्यान उसका पतंग की डोर पर ही रहता है। पानी भरकर लाने वाली पनिहारिन अपनी सहेलियों से बातचीत, हँसी-ठिठोली करती रहती है पर ध्यान उसका सिर पर रखे गागर में ही रहता है। ऐसे ही हर इंसान को चाहिए कि वह सांसारिक कार विहार करते हुए मन को एक निरंकार प्रभु परमात्मा के साथ जोड़े रखे। अर्थात उसकी लिव प्रभु में ही लगी रहे तभी उसका कल्याण हो सकता है। प्रारंभ में उसका ध्यान सिमरन में नहीं लग पाएगा पर नियमित अभ्यास करते रहने से एक न एक दिन मन प्रभु परमात्मा में रम जाएगा।

जिन ऐह चाखी सोई जाने गूंगे की मठिआई। जिस तरह एक गूंगा मिठाई खाने के बाद उसका स्वाद नहीं बता पाता ठीक उसी प्रकार जब इंसान का मन प्रभु सिमरन में लग जाता है तब उस आनंद को बयां नहीं कर पाता।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### पुरुषों की मानसिकता बदलने के लिए महिला आरक्षण कारगर

वर्तमान समय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उत्साहवर्धक संकेत मिल रहे हैं। सरकार के प्रयासों से महिलाओं को सबसे आगे रखने का प्रावधान है। पुरुष प्रधान समाज में महिला आरक्षण नींव का पत्थर साबित होगा। पूर्ववर्ती सरकारों ने महिला आरक्षण की कोशिश की थी। लेकिन प्रयास सफल नहीं हो सका। महिलाओं के सामाजिक उत्थान और राजनैतिक भागीदारी के लिए महिला आरक्षण खास है। विगत वर्षों में मतदान में महिलाओं की तादाद पुरुषों से अधिक रही है। इससे महिलाओं की राजनीति में वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्वावलंबन के लिए महिला को पुरुष प्रधान समाज से बाहर निकलना होगा। आज शिक्षित महिलाएं चार दीवारी में बैठकर अपना भविष्य निश्चित नहीं कर सकती। शिक्षा का स्तर बढ़ा है तो महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। महिला आरक्षण की पैरवी नरेंद्र मोदी ने 2014 में पीएम बनने के बाद शुरू कर दी। महिलाओं के लिए अनेक केंद्रीय योजनाएं महिला उत्थान के लिए प्रेरित करती हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शौचालय, उज्जवला योजना, जन धन खाता और मुद्रा योजनाओं में लाभ अर्जित करने वाली महिलाएं ही है। दरअसल, तीन तलाक भी इसी कड़ी का हिस्सा था। इस बार संसद में महिला आरक्षण का विरोध किसी ने नहीं किया है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार की भागीदारी जरूरी है। कांग्रेस ने ओबीसी में भेदभाव करने का आरोप लगाया। लेकिन गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एमएलसी और एमएलए सबसे ज्यादा ओबीसी के है। महिला आरक्षण नारी सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण घटक है।

### बढ़ रहे है धर्म परिवर्तन के मामले

यूपी में धर्म परिवर्तन के केस बढ़ते जा रहे है। यह चिंताजनक है। लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले संगठित गिरोह सक्रिय है। विधि विरुद्ध धार्मिक धर्मांतरण निषेध कानून बना हुआ है। लेकिन लोगों को लालच देकर उनको चाल में फंसाया जा रहा है। पैसे, इलाज, शादी और मकान आदि की लालच देकर धर्म परिवर्तन की जा रही है। यह देश की बहुत बड़ी विडंबना है कि लोग उनके चाल में फंसते जा रहे हैं। लोगों का आर्थिक संकटकाल इस तरफ धकेलने के लिए मजबूर कर रहा है। यह चौंकाने वाले आंकड़े है कि हर दो दिन में एक मामला आमने आ रहा है। इसमे किसको दोषी करार दिया जाए? आधुनिक और शिक्षा के इस दौर में लोग कितने नासमझ है। ईसाई मशीनरियों व पादरी ऐसे समाज विरुद्ध षड्यंत्र के सूत्रधार है जो भारत का खाकर भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, ये लोग देश में मुस्लिम राष्ट्र लाने की साजिश रच रहे हैं। देश में इनका राज स्थापित करने के लिए धर्मांतरण जैसे घिनौनी कृत्य कर रहे हैं। इसमें समाज टकराव का माहौल बनाया जा रहा है। चमत्कारिक तरीके और खिलौना की आड़ में धर्मपरिवर्तन कराने का खेल चल रहा था। पुलिस ने इनकी कारगुजारियों को उजागर किया है। उसके बावजूद यह अनवरत चालू है। झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराना एक व्यापार बनता जा रहा है। यह उन लोगो की भूल है जो चन्द रुपए में धर्मपरिवर्तन कर रहे हैं। अखबार में हर दिन खबरें छपती हैं फिर भी लोग अनभिज्ञ हैं। इसी तरह हिंदू धर्मावलंबी इनकी साजिश के शिकार हुए तो वो दिन दूर नहीं हिन्दुत्वाद को बचाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाएगा। अनपढ़ लोगों की काउंसलिंग करने की जरूरत है। उनको इन सब झमेलों से दूर रहने के लिए समझाइश देनी जरूरी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

### केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने किया दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरणों का वितरण

# सामाजिक अधिकारिता शिविरों में 45 हजार से अधिक नागरिकों ने सुनीं मन की बात





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने अतिथियों के साथ आज नजरबाग प्रांगण टीकमगढ़ में भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों और वारिष्ठ नागरिकों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को टीकमगढ़ सहित देश भर के अन्य स्थानों में आयोजित किये गये वितरण शिवरों में उपस्थित 45 हजार से अधिक दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सुना। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा सामाजिक अधिकारिता शिविरों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह, अमित नुना, विवेक चतुर्वेदी, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर अवधेष शर्मा, महाप्रबंधक (मार्केटिंग) एलिम्को अजय चौधरी, महाप्रबंधक (उत्पादन एवं परियोजना) एलिम्को विवेक द्विवेदी, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण आरके पस्तोर सहित संबंधित अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थिति रहे। दिव्यांगजन और वारिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आज देश भर में 72 स्थानों मे सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 45 हजार से अधिक दिव्यांगजनों और वारिष्ठ नागरिकों को भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किये गये। इस अवसर पर 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किये गये शिविर टीकमगढ़ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल से ऑनलाइन जुड़े। केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि इन शिविरों के आयोजन का उद्देश्य देश भर में समावेशी समाज के लिए एक दृष्टिकोण का निर्माण करना है, जिसमें दिव्यांगजनों और वारिष्ठ नागरिकों का सशक्तिकरण और गरिमामयी जीवनयापन सुनिश्चित हो। साथ ही दिव्यांगजनों के उत्थान और विकास के लिए समान अवसर प्रदान किया जा सकें, जिससे वे समाज की मुख्य धार से जुड़कर उत्पादक, सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन यापन कर सकें। उन्होंने बताया कि वितरण शिविरों के कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें विभाग के अधीन कार्यरत उपक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम और देश भर में स्थापित राष्ट्रीय संस्थानों तथा उनके अधीनस्त समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) के समन्वय से किया गया है। इसीक्रम में देश के विभिन्न राज्यों मे आयोजित किए जा रहे वितरण शिवरों में महाराष्ट्र के बीड में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले, धलाई त्रिपुरा में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री कुमारी प्रतिमा भौमिक तथा चित्रदुर्ग कर्नाटक में नारायणस्वामी सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री द्वारा सहायक उपकरण प्रदान किए गये। ये सभी वितरण शिविर अनलाइन माध्यम से टीकमगढ़ में आयोजित किये गये मुख्य कार्यक्रम स्थल से ऑनलाईन जुड़े। ज्ञातव्य है कि भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत एलिम्को द्वारा जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से जिले के दिव्यांगजनों और वारिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया था जिसमें कुल 1109 लाभार्थीयों (725 दिव्यांगजन तथा 384 वारिष्ठ नागरिक) को चिन्हित किया गया था। योजना के अंतर्गत इन चिन्हित लाभार्थियों को लगभग 82.33 लाख रूपये के 2818 सहायक उपकरण वितरित किये गये। एलिम्को द्वारा आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए सटीक कृत्रिम अंग फिटिंग प्राप्त करने के लिए प्रोस्थेटिक विशेषज्ञों की टीम द्वारा 3डी स्कैनिंग, डिजिटल मॉडलिंग और 3डी प्रिंटिंग का काम किया जा रहा है। वितरण शिविर में टीकमगढ़ के चिन्हित दिव्यांगजनों को ऐसे 10 प्रकार के कृतिम अंग प्रदान करने की पहल की जा रही है। इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण सेवाओं में सुधार की दिशा में निगम ने श्रवणबाधित लाभार्थियों के लिए डिजिटल श्रवण सहायता के साथ-साथ अनुकूलित इयरलमोल्ड का निर्माण किया है, इससे उन्हें बाहर के शोर को कम करने और पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट रूप से सुनने में मदद मिलेगी, शिविर में इयरलमोल्ड के साथ श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। आयोजित वितरण कार्यक्रम में टीकमगढ़ में चिन्हित दिव्यांगजनों को वितरित किये जाने वाले कुल सहायक उपकरणों में ट्राईसाइकिल, फोल्डिगं व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक (छड़ी), ब्रेलकिट, रोलेटर, बी.टी.ई (कान की मशीन), सी.पी. चेयर, सुगम्य केन, स्मार्ट फोन, ब्रेल केन, ए.डी.एल किट (सेलफोन सहित) एवं कृत्रिम अंग तथा कैलिपर्स और वारिष्ठ नागरिकों के लिए फुट केयर यूनिट, स्पाइनल सपोर्ट, कोमॉड युक्त व्हील चेयर व स्टूल, चश्मा, कृत्रिम दांत, सिलिकॉन कुशन, एलएस बेल्ट, ट्राइपॉड, नी-ब्रेस और वॉकर शामिल हैं। इन सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थियों को स्वावलम्बी व सशक्त करने के उद्देश्य को पूरा किया जा सकेगा और उन्हें समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा जा सकेगा।

### शिविर में 1109 लाभार्थीयों को 82.33 लाख के 2818 सहायक उपकरण वितरित किए

### किसानों ने एसपी-तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# सरकारी रास्ते पर लगाई तार फेंसिंग



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से लगे मधुवन में सरकारी रास्ते पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। करीब 25 फीट चौड़े रोड पर तार फेंसिंग लगाकर टीन शेड का निर्माण कर लिया गया है। इससे आस पड़ोस के किसानों का रास्ता बंद हो गया है। किसानों ने मामले की शिकायत एसपी और तहसीलदार से की है। शहर के वार्ड नंबर 3 निवासी सौरभ सिरवैया ने बताया कि मेरी कृषि भूमि ग्राम मधुवन में है। जिसका खसरा नं.1097/6/1, 1097/6/2, 1097/6/3 है। इस जमीन के बगल में वार्ड नंबर 4 तालदरवाजा निवासी सतेन्द्र यादव का खेत लगा है। सतेन्द्र यादव के खेत के बगल से एक शासकीय नहर है। जिसके ऊपर शासकीय बंधान भी है। इस नहर वाले शासकीय रास्ते पर सत्येंद्र यादव ने अवैध तरीके से कब्जा कर टीन शेड़ बनाकर तार फेंसिंग कर ली है। जबकि नहर वाले रास्ते से कई किसानों का आवागमन होता है। अब रास्ता बंद हो जाने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खरीफ फसल काटने से रोका

किसान सौरभ सिरवैया ने बताया कि खेत पर उड़द की फसल बोई थी। अब खेत पर जाने के लिए रोका जा रहा है। खेत में फसल खराब हो रही है, लेकिन कटाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब सत्येंद्र यादव से अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा गया तो उन्होंने मारपीट करने की धमकी दी। उन्होंने तहसीलदार और एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराकर सरकारी आम रास्ते से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है।

## 13 परीक्षा केन्द्रों पर नव साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा का हुआ आयोजन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जन शिक्षा केंद्र दिगौड़ा के अंतर्गत आज 13 परीक्षा केन्द्रों पर नव साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 18 वर्ष से असीमित उम्र के बिना पढ़े-लिखे हुए निरक्षर महिलाओं व पुरुषों के द्वारा यह परीक्षा दी जा रही है। शासकीय बालक माध्यमिक शाला दिगौड़ा में आज 40 महिलाओं व पुरुषों ने नव साक्षरता मूल्यांकन की परीक्षा दी गई। जन शिक्षा केंद्र दिगौड़ा समन्वयक बृजेंद्र सिंह बुंदेला एवं बालक माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक नीरज श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले भर के शासकीय स्कूलों में आज नव साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जन शिक्षा केंद्र दिगौड़ा के अंतर्गत कुल 13 परीक्षा केंद्रों पर नव साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परीक्षा केंद्र दिगौड़ा, विघा, दोर, पूनोल हार, पूनोल खास, खरोई, बैदऊ,गड़रयाना बछोड़ा, बछोड़ा खास, मऊ बुजुर्ग, मुजरा खास, धामना व पांतिहार में यह परीक्षा महिलाओं व पुरुषों के द्वारा दी गई है। इन 13 परीक्षा केंद्रों पर कुल 455 परीक्षार्थियों ने नव साक्षरता मूल्यांकन की परीक्षा दी गई है।

## ग्राम पंचायत देवखा की पूर्व महिला सरपंच ने वर्तमान सरपंच को लाड़ली बहना आवास योजना का फॉर्म दिया

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अपने भारत देश में लोकतंत्र की खूबसूरती हजारों बार देखने को मिलती है। आज ऐसा ही नजारा ग्राम पंचायत देवखा में देखने को मिला है। ग्राम पंचायत देवखा की पूर्व सरपंच ज्ञान बाई आदिवासी लाडली बहना आवास योजना का आवेदन फॉर्म जमा करने के लिए आई। रविवार के अवकाश के कारण पंचायत कार्यालय बंद था, पूर्व सरपंच ने वर्तमान सरपंच व सरपंच संघ जतारा अध्यक्ष रंजीत यादव से संपर्क किया, उन्होंने तत्काल उनका फॉर्म जमा करवाया और पूर्व महिला सरपंच को आश्वस्त किया कि कल ग्राम पंचायत की पंजी में प्रवष्टि उपरांत आपका आवेदन फॉर्म जनपद पंचायत जतारा को आगे की कार्यवाही के लिए भेज दिया जायेगा। सरपंच संघ अध्यक्ष ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रणाली में कोई किसी का दुश्मन नहीं है, सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे है,सभी लोग समाज के विकास और मानव जीवन की बेहतरी के लिए प्रयासरत रहते है। उन्होंने सभी साथी सरपंचों से भी अनुरोध किया कि आप पंचायत चुनाव के पश्चात संपूर्ण ग्राम पंचायत के सरपंच व जनप्रतिनिधि हैं और आपकी ग्राम पंचायत के सभी लोगों को पात्रता अनुसार लाभ दिलाने की जिम्मेदारी भी सरपंच साथियों की ही है। आप सभी किसी भी पक्षपात के बिना वास्तविक पात्रता के अनुसार ग्राम पंचायत में निवासरत सभी लोगों की उन्नति के लिए कार्य करें और कोशिश करें की सभी पात्र हितग्राहियों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ समय से मिले। सरपंचों को किसी भी पक्षपात के बिना, नैतिकता अनुसार सभी ग्राम वासियों का ध्यान रखना चाहिए।

## राज्य मंत्री राहुल सिंह ने ग्राम देवपुर में अहिरवार बस्ती में विद्युत लाईन का किया भूमि पूजन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वन राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत देवपुर के अहिरवार बस्ती में विद्युत लाइन का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्य मंत्री राहुल सिंह ने कहा क नवीन विद्युत लाईन का कार्यपूर्ण होने के बाद अब बस्ती में बिजली की समस्या का हल होगा। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जिले में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। हमारी सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नव साक्षरों की परीक्षा निर्विघ्न हुई संपन्न

**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर में बीते रविवार को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नव साक्षरों की परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। विकाशखण्ड सह समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार पाठक ने वताया कि विकाशखण्ड पलेरा के लिये जिला कार्यालय से 7000 नवसाक्षरों का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये पूरे विकाशखण्ड में 194 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए थे। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर संख्या के मान से पर्यवेक्षक एवम मूल्यांकन कर्ता नियुक्त किए गए थे। परीक्षा में निरीक्षण एवम तकनीकी सहयोग एवम परामर्श के लिए जनशिक्षाकेन्द्र सह समन्वयक लगातार परीक्षा केंद्र के सम्पर्क में रहे।

## अन्न-जल का त्याग कर उपवास कर रहे विकसंत सागर महाराज, समाजजनों ने करवाई आहारचर्या




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के जैन मंदिरों में 10 लक्षण पर्व के चलते सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। बाजार स्थित जैन मंदिर में पिछले पांच दिनों से आचार्य विकसंत सागर महाराज अन्न जल का त्याग कर उपवास कर रहे थे। आज जैन समाज के श्रद्धालुओं के आग्रह पर वह आहारचर्या के लिए निकले। मुनि श्री को आहार कराने के लिए बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग खड़े दिखाई दिए। दिगंबर जैन समाज के मीडिया प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि प्रयूशण पर्व शहर के सभी 18 जैन मंदिरों में पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है।

इस दौरान समाज के लोग तप, त्याग और संयम रखते हैं। सुबह से सभी मंदिरों में श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा विधान, पूजन का कार्यक्रम होता है। दोपहर में मुनि श्री के प्रवचन चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पारसनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर में विकसंत सागर महाराज का चतुर्मास चल रहा है। विकसंत सागर महाराज पिछले 5 दिन से अन्य जल का त्याग कर निर्जला उपवास कर रहे थे। जैन समाज के विशेष निवेदन पर छठवें दिन आहारचार्य को उठे। आचार्य श्री को भोजन करने के लिए बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग अपने-अपने घरों के दरवाजे पर खड़े हो गए। जैन समाज के लोगों ने महाराज से आहार के लिए प्रार्थना की।

## गोवंश के संरक्षण को लेकर बांटे पत्रक, कहा- प्रशासन के साथ तय हो जनता की भूमिका



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में गोवंश की दुर्दशा के विरोध में साधु संतों की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को उज्जवल भारत अभियान के संस्थापक स्वामी देव स्वरूपानंद महाराज ने गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने शहर में भ्रमण कर लोगों से गोवंश को संरक्षित करने की अपील की।

स्वामी देव स्वरूपानंद महाराज ने बताया कि सड़क पर भटक रहे निराश्रित गोवंश की समस्या के समाधान के लिए समाज की भूमिका तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन की ओर से गोशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें आम जनमानस को सहयोग करने की जरूरत है।

अभियान के तहत उन्होंने गोवंश के संरक्षण को लेकर पत्र तैयार किया है। आज उन्होंने शहर भ्रमण कर दुकानदारों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को पत्र सौंप कर निराश्रित गोवंश की सुरक्षा को लेकर संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में भ्रमण कर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाएंगे।

**दो बार धरना दे चुके संत :** जिले में सड़क पर घूम रहे गोवंश को व्यवस्थित करने के लिए स्वामी देव स्वरूपानंद दो बार कलेक्ट्रेट दफ्तर के सामने धरना प्रदर्शन कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि गोवंश के संरक्षण को लेकर अधिकारियों का रवैया उदासीन है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

### अखिल भारतीय पाल महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल विधायक राकेश गिरी

# 4.50 लाख की लागत राशि से लोकमाता अहिल्याबाई की प्रतिमा एवं बाउण्ड्रीवाल का किया भूमिपूजन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अखिल भारतीय पाल महासभा टीकमगढ़ द्वारा रविवार के दिन रेलवे स्टेशन के पीछे पाल समाज के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इंदौर की महारानी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा एवं विधायक निधि से बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राकेश गिरी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है किए अखिल भारतीय पाल महासभा द्वारा भगवान सत्यनारायण की कथा उपरान्त लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान सभी पाल समाज के महानुभावो ने टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी का नगर के चकरा तिराहा पर जोरदार स्वागत तथा कार्यक्रम स्थल पर फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। विधायक राकेश गिरी ने पाल महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मिलकर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना (विधायक निधि) के तहत 4.50 लाख रुपये की लागत राशि से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर विधायक राकेश गिरी ने पाल महासभा के उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पाल समाज के अध्यक्ष गुलाब सिंह पाल सहित पधारे सभी पाल समाज के पदाधिकारियों एवम बंधुओं का बंदन अभिनंदन करता हूँ। मैं धन्यवाद ज्ञापित करता हू पाल समाज का आपने मुझे जिस उम्मीद से विधायक बनाया था मैं उन उम्मीदों पर खरा उतरा हूं। मैं पूरी पाल समाज के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। आपको जब भी जरूरत पड़े मैं आपके लिए हमेशा खड़ा रहूँगा। आप सभी की मांग अनुसार आज लोकमाता अहिल्याबाई जी की प्रतिमा एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन कर दिया गया है। वही विधायक ने कहा की आने वाले समय में पाल समाज की मांग अनुसार नगर एवं बड़ागांव धसान में भी लोकमाता अहिल्याबाई जी की प्रतिमा लगाई जाएगी। इस कार्यक्रम अवसर पर हद्य सिंह पाल, कमलेश पाल, दिल्ली पाल, भागचंद्र पाल, बब्लू पाल, मधुरा पाल, बी.डी. पाल, मुकेश पाल, एम.एल. पाल, भरत पाल, प्रकाश सरपंच, राम पाल, दीपक, राजेंद्र, सतेन्द्र, राम भरत, सियाराम, शोभाराम सहित पाल समाज की महिलाये एवं पुरुष भारी संख्या में मौजूद रहे।



## सार समाचार

### भजन संध्या में कलाकारों ने बांधा समा, झूम उठे भक्त



**दमोह/हटा देशबन्धु।** बुंदेलखंड में उपकाशी के नाम से विख्यात हटा के कमला नेहरू वार्ड शंकर जी का चबूतरा मां विंध्यवासिनी माता मंदिर मे जय हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा मंडली के तत्वाधान मे राधे राधे म्यूजिकल मंडल के गायक के द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया। जिसमें गणेश जी की आराधना के भजन का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों ने राधा कृष्ण की वेशभूषाधारण कर नृत्य किया। जिसमें भक्त भी झूमते नजर आए पुरुषों महिलाएं एवं छोटे-छोटे बच्चे ने भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

#### परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

# 2 महिलाओं की करंट लगने से मौत



**दमोह/हटा हटा देशबन्धु।** हटा थाना क्षेत्र के भिड़ारी टपरियन ग्राम में खेत में चारा काट रही सुहागरानी पति कुसुम यादव उम्र 45 वर्ष, पिंकी पति अशोक यादव उम्र 30 के ऊपर हाईटेंशन लाइन गिरने से मौके पर मौत। जिसके बाद परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल से शव को लेकर विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे। जहा पर परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं मौके पर मौके पर पूर्व विधायक उमादेवी खटीक,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक भी पहुचे ।प्रदर्शनर की खबर मिलते ही हटा थाना टीआई मनीष मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे। जिसके बाद हटा तहसीलदार उमेश तिवारी, एसडीओपी नीतेश पटेल ने परिजनों को समझाइश देकर जाम खुलवाया एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## बालिका दिवस पर किया पौधारोपण



**दमोह देशबन्धु।** सामाजिक संस्था कदम ने बालिका दिवस के उपलक्ष में भारत माता पार्क में पौधरोपण किया। इस अवसर पर संगीता श्रीधर, पत्रकार रुपेश अग्रवाल, एडवोकेट पंकज खरे ने अपना जन्मदिन कदम संस्था के साथ पौधा रोपकर कर मनाया। बालिका दिवस पर नविका दुबे ने पौधारोपण किया संस्था प्रमुख दीपक सेन ने डॉक्टर श्रद्धा गंगेले, सोनल राय, प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ निशि पटेल, रविंद्रर कौर विरदी, अर्चना सिंह, संध्या राठौर, आलोक गोस्वामी, डॉ मनीष पटेल, महेंद्र राय, अमित बड़कुल, मनीष चौरसिया एडवोकेट, धनंजय सेन के जन्मदिन एवं रोजी कंवलजीत बग्गा की वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विशेष उपस्थिति भावना ऊमरे, मंजूषा चौबे, राधेश्याम नेमा, राहुल टंडन, डॉ नवीन दुबे, रंजीत सैनी, रंजीत चौरसिया, श्याम ठाकुर, लक्ष्मण पटेल विशेष उपस्थिति रही।

# भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की जनसंपर्क परिवर्तन यात्रा का प्रारंभ

**दमोह देशबन्धु।** भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की जनसंपर्क परिवर्तन यात्रा का प्रारंभ सिंग्ररामपुर में वीरांगना दुर्गावती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके ग्राम ककरहा, हरदुआ कला, कौड़ा, गांजर, भटवा, पौड़ी मानगढ़, सगोडी कला, सलैया बड़ी, बनिया, अंमदर, भजिया, सुरजपुरा सलैया, सिंगपुर, पटना, कुआंखेडा, बनिया, कुसमी, मानगढ़, गुबरा, में जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क के दौरान ग्राम सलैया में करीब 50 लोगों ने पार्टी की सदस्य ली।





जिसमें सरपंच प्रतिनिधि काशीराम ठाकुर, उपसरपंच विनोद यादव, रवि यादव, अमित यादव, भोला यादव, सचिन यादव, अंकित यादव, धन्नू सिंह ठाकुर, मनोज सिंह ठाकुर, कमलेश सिंह ठाकुर, लल्ला ठाकुर, सीताराम धनगर, बबलू यादव, जनपद सदस्य दशरथ सिंह ठाकुर सिंगपुर सहित 50 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी की प्रत्याशी डॉक्टर सुजान सिंह ने बताया की इस यात्रा में लोगों का अपार जन समर्थन मुझे मिल रहा इसी माह में जबेरा विधानसभा के हजारों लोगों ने हमारी पार्टी की सदस्यता ली है जो पहले कोई कांग्रेस में था कोई बीजेपी में था इस बार विधानसभा के चुनाव में जबेरा विधानसभा के लोगों ने मन बना लिया है कि तीसरे विकल्प के रूप में कार्य कर रही भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को विजय बनाना है। जनसंपर्क परिवर्तन यात्रा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर सुजान सिंह जी के नेतृत्व में की गई यात्रा में वरिष्ठ पदाधिकारी पार्टी के किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह जी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मगन यादव जी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश राय जी सहित जबेरा के समस्त पदाधिकारीयों के साथ हजारों कार्यकर्ता सम्मिलित रहे यह यात्रा पूरे जबेरा विधानसभा में निकल जाएगी। यात्रा का समापन सिंग्रामपुर में जनसंपर्क करते हुए संपन्न की गई।

## भव्य और दिव्य संगीतमय योग शिविर का आयोजन 5 अक्टूबर को

**दमोह देशबन्धु।** परम पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के प्रिय शिष्य स्वामी परमार्थ देव जी के एक दिवसीय भव्य और दिव्य योग शिविर आयोजन हेतु स्थानीय बेलाताल टापू पर मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति एवं पतंजलि योग समिति, किसान पंचायत, युवा भारत, महिला योग समिति के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में योग जन जागरण शिविर हेतु, बैठक का आयोजन किया गया। योग शिविर दिनाक 5 अक्टूबर, दिन गुरुवार को तहसील ग्राउंड पर आयोजित होगा। जिसमें हरिद्वार एवं् प्रांत से भी पदाधिकारी सम्मिलित होगे। शिविर के सफ्ल आयोजन हेतु प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया, होर्डिंग, पंपलेट, माइकिंग आदि के लिए योजना को अंतिम रूप दिया गया.। जिले के समस्त तहसीलों एवं ग्राम पंचायतो का प्रतिनिधित्व हो इसके लिए अलग-अलग ब्लाकों के पदाधिकारीयो को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा, मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत, भारत स्वाभिमान के अध्यक्ष डॉ रशीद खान, युवा भारत राज्य कार्यकारिणी सदस्य से छिदामी राठौर, किसान संगठन से सुरेश रैकवार पतंजलि उपाध्यक्ष गंगाराम पटेल बटियागढ से बिहारी सिंह लोधी,पटेरा से राजेश नेमा, पथरिया से सुदेश चौरसिया, श्री सुरेश रैकवार, कोषाध्यक्ष पंडित विनोद दुबे, पी.सी. शर्मा आदि योगी भाई बहनों की उपस्थिति रही।

# स्व.सोनवलकर की स्मृति में चन्द्रकांत सेवा पखवाड़ा प्रारंभ



दमोह देशबन्धु। विधि कला एवं शिक्षा क्षेत्र के बहुआयामी व्यक्तित्व स्व.चन्द्रकांत सोनवलकर की 35वीं पुण्यतिथि पर सेवा पखवाड़ा की भव्य शुरूआत की गई। स्व.चन्दू गुरू की स्मृति में नवीन कन्या हाई स्कूल अभाना में स्मृति कार्यक्रम एवं पुरूस्कार वितरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.के.मिश्रा प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष जिला मास्टर ट्रेनर विनय मोहन मिश्रा रहे। दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण द्वारा स्व.चन्दू गुरू को भावभीनी श्रद्वांजलि अर्पित की गई। मिश्रा ने उद्बोधन में कहा कि दमोह के कला जगत में स्व. चन्द्रकांत जी का अहम योगदान है। सोनवलकार परिवार के कुल दीपक स्व.चन्द्रकांत ने नई पीढ़ी को आगे बढ़ाया। स्व.चन्द्रकांत जी के नाम से शासकीय जिला ग्रन्थालय का नाम करण एक अनूठीपहल है। दमोह की युवा पीढ़ी इसका लाभ ले रही है। कार्यक्रम का संचालन सुशील श्रीवास्तव ने और आभार प्रदर्शन सतीश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में एनएल अहिरवाल, इसरार खान, विपिन तिवारी, सी खरे, नीलम यादव, ब्रजेन्द्र सिंह, सुल्तान सहित बड़ी संख्या में नागरिकगणों की उपस्थिति रहीं।

## सार-समाचार

### जगत के पालनहार आज निकलेंगे जलविहार करने



**राहतगढ़, देशबन्धु।** डोल ग्यारस जल झूलनी एकादशी के मौके पर आज शाम 7 बजे शनिचरा बाजार देव श्यामलिया मंदिर से भगवान राधाकृष्ण की विमान शोभायात्रा गाजे-बाजे एवं राधे-राधे संकीर्तन के साथ निकलेगी। नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जगत के पालनहार बीना नदी बनेंनी घाट पर जल बिहार करेगे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### शतरंज से बौद्धिक विकास होता है: इंजी. छतर सिंह



**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा आयोजित नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि इंजी. छतर सिंह राजपूत ने कहा कि इस खेल में हम अपनो को नही मारते, साथ ही साथ इससे बौद्धिक विकास होता है। शतरंज प्रशिक्षण में आरसीसी चैयरमेन अधि. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, मोह. अश्फाक सिद्धिकी, आरसीसी बहेरिया के अध्यक्ष फिडे ऑर्बिटर इंजी. अंकुर सिंह ठाकुर, अंशुल भार्गव, अजय उपाध्याय, मदन सोलंकी, चन्द्रकांत जैन, रामबहादुर शाही, गजेन्द्र सिंह बन्नाद, सपना लोधी की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण में 28 बच्चों ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 तक नि:शुल्क कांची रेस्टोरेन्ट सिविल लाइन में दिया जाता है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चो की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 बर्षो में सागर के छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल का दूसरा दिन, सफाई बंद मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते नगर के 15 वार्ड, बाजारों और चौराहों में जगह-जगह गंदगी फैलेगी तो लोगों की परेशानियां भीं बड़ेगी। लोग कह रहे हैं कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से जगह-जगह गंदगी फैली पड़ी है। सफाई कर्मचारी मांगों को लेकर दो दिन से हड़ताल पर हैं। ऐसे में नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। दूसरी तरफ प्रशासन सफाई कर्मियों की मांगों को न तो समाधान कर रही है और न ही सफाई व्यवस्था को लेकर ही कोई गंभीरता दिखा रही है। सफाई कर्मी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारियों की मांग को पूरा कर देना चाहिए। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस प्रदेश के आह्वान पर शाहगढ़ के संघ सफाई मदन करोसिया के नेतृत्व में तहसीलदार जीसी राय को ज्ञापन सौंपा और 18 सूत्रीय मांगों को डेढ़ माह पहले दिए पूरा करने का दिया आश्वासन के बाद मांगों को पूरा नहीं होने पर रविवार से भूख हड़ताल शुरु कर दी सभी सफाई कर्मियों ने।



# खेत में बने कुएं में गिरा 9 फीट लंबा मगरमच्छ



**सागर, देशबन्धु।** महाराजपुर में 9 फीट लंबा मगरमच्छ कुएं में गिर गया। वह करीब तीन दिनों से कुएं में था। ग्रामीणों ने मगरमच्छ देखा तो वन विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर मगरमच्छ को कुएं से बाहर निकाला गया। दरअसल ग्राम पंचायत महाराजपुर के वार्ड क्रमांक 18 में बालाजी मंदिर के पास पनारी रोड पर स्थित प्रदीप सेन के खेत में बने कुएं में ग्रामीणों ने मगरमच्छ देखा। उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि कुएं में तीन दिनों से मगरमच्छ है।

वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उसे बाहर निकालने की कोशिश की। लेकिन वह बाहर नहीं आ सका। जिसके बाद रविवार को विभाग की टीम फिर गांव पहुंची। जहां ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ का रेस्क्यू शुरू किया गया। कुएं में रस्सियां डालकर मगरमच्छ को बांधा गया। जिसके बाद करीब 30 फीट गहरे कुएं से मगरमच्छ को बाहर निकाला गया। इस दौरान टीम को काफी मशक्कत करना पड़ी। रेस्क्यू के बाद विभाग की टीम मगरमच्छ को साथ लेकर रवाना हो गई। मगरमच्छ करीब 9 फीट लंबा था।

### चंद्रयान-3 गणेश झांकी में सांस्कृतिक प्रतियोगिता संपन्न हुई

**सागर, देशबन्धु।** श्री गणेश महोत्सव का 9वां वर्ष झांकी शीर्षक चंद्रायान.3 में जय मां हरसिद्धि मां ललिता धाम युवा समिति के तत्वाधान में शास्त्री वार्ड में 4 से 14 वर्ष तक के बालक बलिकाओ का सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य गायन एवं चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुई। जो मध्य रात्रि तक चली चित्रकला में इशू साहू, राम दुवे, भक्ति साहू, राजदीप मछन्दर, कनिष्क मछन्दर, देव साहू। नृत्य, ग्रूप नृत्य, गायन आदि प्रस्तुति से भक्तों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल में कीर्ति सनकत, अंकिता सनकत, अंकित सनकत युवा समिति संयोजक, अमित घारु, संचालक अमित कॉमर्स कोचिंग रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ उपस्थित रही, कार्यक्रमों की कड़ी में कल भगवान श्री गणेश जी को 84 प्रकार का महाभोग अर्पित किया जाएगा साथ ही महा आरती भी इसी दिन होगी।

### लेबर रूम स्ट्रेंथिंग के संबंध में कार्यशाला का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** संभागीय स्तर पर क्षेत्रीय संचालक डॉ. ज्योति चौहान की अध्यक्षता में लेबर रूम स्ट्रेंथिंग के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरे, सिविल सर्जन डॉ. आर जयंत, डीएचओ के साथ-साथ नर्सिंग मेंटल एवं अन्य इंटर्नल एसेसर उपस्थित थे। कार्यशाला के संबंध में डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि अधिकतर मातृ मृत्यु पोस्टपार्टम अथवा इंट्रा पार्टम के परिणाम स्वरूप होती हैं। अत: ऐसे में आवश्यकता है कि समस्त डिलीवरी प्वाइंट शासन के मनसा अनुरूप सही तरीके से कार्य करें। इस हेतु संभाग से आएं हुए दल को प्रशिक्षित किया गया तथा उन्हें निर्देशित किया गया की कि 6 अक्टूबर तक अपने-अपने जिले के सभी डिलीवरी प्वाइंट का निरीक्षण कर उनके संचालन में आने वाली कमियों की पहचान कर उसकी जानकारी प्रेषित करें। जिससे कि उन कमियों को दूर किया जा सके।

# समांतर सरकारों की सोच लगती है सरकार की



**सागर, देशबन्धु।** विगत कुछ माह पूर्व केन्द्र सरकार ने सहमति देने हेतु आदेश गृह विभाग को दिया था। ध्यान रहे प्रस्ताव में सहमति मांगी नहीं गई। प्रस्ताव था गृह विभाग की 50 से अधिक सेवाएं जिनकी केंद्र सरकार ने पहचान की है उन्हें निजी हाथों में सौंपा जाना है जिसमें अनेक संवेदनशील बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। ये मामला ठीक उसी तरह है जिस तरह अनेक सरकारी मोनूमेंट्स, रेलवे के कुछ क्षेत्र जहां बेरोजगार हुये लोग हड़ताल तक कर चुके है। आधुनिकीकरण की आड में पुलिस विभाग से 10 हजार ज्यादा पदों को खत्म करने की सरकारी मंशा शामिल है। सवाल ये नहीं है की निजीकरण की नीति उचित है अनुचित बल्कि सवाल तो है की वे निजी हाथ कौन होंगे? जाहिर है पढे लिखे बेरोजगार नौजवान तो हो नहीं सकते। क्योंकि एक कहावत जो यहां फिट बैठती है कि धनवंता की पौर में सौ गुणवंता खडे आपका ज्ञानवान और गुणवान होना सरकारी नजर में मूर्ख होने के अलावा कुछ नहीं है। यही एक कारण है की गरीबी और बेरोजगारी के सिर ही महंगाई तांडव करते हुये धिनक धिन न गुनगुन रही है। जुलाई में अखबारों ने कोने में वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट द्वारा आगाह किया था कि वैश्विक तथा क्षेत्रीय अनिश्चिताओं की वजह से आनेवाले महीनों में मंहगाई उच्च स्तर पर रहेगी। स्वाभाविक है यदि मंहगाई अधिक होगी तो आम आदमी यानी मैंगोंमेन झूमकर नाचेगा तो बिल्कुल नहीं..? हां ये मुश्किलों में जरुर आ जायेगा क्योकि बजट तो पहले से ही बिगडा हुआ है। जबकि सितंबर में एएफओ वैश्विक स्तर पर भारत में खाद्य वस्तुओं की कीमत अधिक है यह कह चुका है। कमाल ये है की सरकार की पार्टी के एयर कडीशनयुक्त आलीशान बने कार्यालयों को गरीबी बेरोजगारी से कोई लेना देना नही है सिवाय हमेशा चुनावी मोड में रहने के..? निजीकरण से परंपरागत कारीगरों के अवसर खत्म हो जाएंगे जैसे विभाग में ट्रेड्समैन के पद यानी बढ़ई, लोहार, कुक, वाटरमैन जैसी सेवाओं पर ग्रामीण क्षेत्रों के परंपरागत कारीगरों को भी मौका मिलता रहा है। एक बार निजीकरण होने पर ऐसे हजारों ट्रेड्समैन के लिए सरकारी नौकरी के अवसर खत्म हो जाएंगे। निजीकरण की सूची में पुलिस बैंड भी है। इसकी भी अलग पहचान रही है। बैंड ने कई परंपरागत धुनों को सहेजकर रखा है। निजी समारोहों में सेवाओं के जरिए पुलिस वेलफेयर के लिए राशि एकत्रित होती रही है।

कुछ सेवाओं को आउटसोर्स करने से पुलिस पर अनावश्यक बोझ कम होगा, लेकिन बहुत सावधानी रखना होगी, क्योंकि हमारे देश में निजीकरण का अनुभव अच्छा नहीं रहा है। निजीकरण की सूची में कुछ संवेदनशील सेवाएं भी हैं, इनके निजीकरण से पुलिस की गुणवत्ता और गोपनीयता से समझौता हो सकता है। विगत वर्षों में हमने अनेक संस्थानो को निजीकरन की ओर जाते हुये देखा है।


दूसरे देशों की नकल करना अच्छी बात है लेकिन वहां का आर्थिक, भोगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक स्तर देख लेना अति अनिवार्य है। हम अभी भी जमीदारी, जागीरदारी प्रथा से पूर्ण रूप से अलग नहीं हुये है और आधुनिक जमीदारी प्रथा लागू करने के पक्ष में है। कुछ वर्ष पुरानी बात है जहां मैं एक विभाग में किसी काम से गया था इत्तेफाक से जिस अधिकारी के सामने मैं खड़ा था, उस अधिकारी को एक व्यक्ति ने आकर जोरदार थप्पड़ यह कहते हुये जमा दिया कल तक मेरा काम हो ही जाये। इतना कहकर वह चला गया। जब मैंने अधिकारी से पूछा क्या बात है। क्या मामला है उसका जबाब सिर्फ इतना था अरे कुछ नहीं इनका एक टेंडर अमाऊंट बांकी है फर्जी रिपोर्ट का पूरा पैसा चाहिए ये अब करना पड़ेगा क्योकि घर परिवार मेरा भी है। अब सवाल ये है कि जहां डिपार्टमेंटल वर्क होना चाहिए यदि वहां निजीकरन की व्यवस्था होगी, तो वह क्या हमे आधुनिक जमीदारी की ओर नहीं ले जाएगी निजीकरन यानि एक ऐसी व्यवस्था जिससे पूरे देश को खोखला बनाया सके और समांतर सरकारें चलाई जा सके। ऐसे मे तो पूरा देश कुछ ही वर्षों एक ऐसी क्रान्ति का शिकार हो जाएगा जिसमे न तो कोई संविधान होगा और न ही कोई व्यवस्था होगी। सवाल ये भी निकलकर सामने आते है की क्या सरकार ऐसे बिन्दुओं की है जिनके पास समस्यायों के रचनात्मक समाधान है ही नहीं बल्कि समस्या को मिटाने के चक्कर में नई और ऐसी समस्या पैदा कर रहे जिससे उनकी सोची व्यवस्था के ढांचे में फिट हो सके। खैर यहां काका हाथरसी का एक दोहा याद आ रहा है अक्लमंद से कह रहे, मिस्टर मूर्खानंद, देश धर्म में क्या धरा, पैसे में आनंद। अगर चुनावी वायदे, पूर्ण करे सरकार, इंतजार के मजे सब, हो जाएं बेकार।

सोचने वाली बात ये है की जो राष्ट्रधर्म प्रथम की वंशी लेकर बजा रहे है वे ही राष्ट्रबलि दे रहे है। हरिशंकर परसांई ने कहीं लिखा था कुछ मैंने ऐसे देखे हैं, जो होश में मानवीय हो ही नहीं सकते। मानवीयता उन पर रम के किक की तरह चढ़ती उतरती है। इन्हें मानवीयता के फिट आते हैं मिरगी की तरह। सुना है मिरगी जूता सुंघाने से उतर जाती है। इसका उल्टा भी होता है। किसी-किसी को जूता सुंघाने से मानवीयता का फिट भी आ जाता है। यह नुस्खा भी आजमाया हुआ है। हम आधुनिक हो कहां रहे है। ऐसी कौन सी जगह है जहां हम अपने आपको आधुनिक पा सकें सरकार ने पिछली पंच वर्षीय में 100 स्मार्टसिटी बनाने की बात की थी जिनमे से न तो कोई स्मार्ट हुआ और न ही अभी तक एक भी स्मार्टसिटी बनकर तैयार हुयी। सारे प्रोजेक्ट एक-एक करके फेल होते रहे और हम उलझे रहे धर्म अधर्म, महगाई, बेरोजगारी, अत्याचार जिन पर समस्याओं से जूझती हुई ये जनता को कोई खबर ही नहीं जैसे एनसीआरबी की रिपोर्ट अनुसार पिछले पांच साल में देश के 3,40,418 बच्चे चोरी हुए, जिसमे मप्र के पिछले सात साल में 71,748 बच्चे चोरी हुए दूसरी तरफ देश में पिछले 2 साल में 13 लाख 13 हजार 78 महिलाएं और लड़कियां लापता जिसमें से देश में मप्र की 1,98,414 गायब हुई। अब ऐसे मुद्दे जनता न समझ सके उसके लिए निजीकरन की राह में सबको उलझा दो सब समझेंगे विकास हो रहा है जबकि असलियत तो है की हम पाकिस्तान जैसी व्यवस्था को जन्म देने में लगे है जो की देश के लिए घातक है।

**प्रदीप पाण्डेय, उपन्यासकार/समाज चिंतक**

## जनसंपर्क के दौरान मिल रहा भारी जन समर्थन

# पन्ना विधानसभा : भाजपा से राम औतार बबलू पाठक प्रबल दावेदार



**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दलों की तैयारियां तेज हो गई हैं, पन्ना जिले में तीन विधानसभा सीटें हैं, तीनों में भाजपा और कांग्रेस का दबदबा है, दो सीटों पन्ना व पवई में भाजपा और एक गुनौर सीट पर कांग्रेस का विधायक है, पर वर्तमान में पन्ना विधानसभा में भाजपा की हालत खराब बताई जा रही है, यह भाजपा, संघ व अन्य ऐजेसिंयो के सर्वे रिपोर्टों में भी स्पष्ट बताया जा रहा है, वर्तमान में यहां से बृजेंद्र प्रताप सिंह विधायक एवं कैबिनेट मंत्री हैं, संगठन यहां की टिकट बदलने के विचार में है, ऐसे में यहां सबसे प्रबल दावेदार राम औतार बबलू पाठक को बताया जा रहा है जो लंबे समय से भाजपा के सक्रिय नेता रहने के साथ-साथ समाज सेवा में भी समर्पित रहते हैं, जिससे पार्टी के बड़े नेताओं व आम मतदाताओं में अच्छी पकड़ है, पन्ना विधानसभा ब्राहमण बाहुल्य है यहां सर्वाधिक ब्राह्मण मतदाता हैं, ब्राह्मण समाज की असंतुष्टि जिले की तीनों विधानसभा सीटों में भाजपा के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है, क्योंकि भाजपा के द्वारा अभी तक पन्ना विधानसभा से किसी भी ब्राह्मण नेता को मैदान में नहीं उतर गया जिससे ब्राह्मण समाज नाराज बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस कई बार ब्राह्मण नेताओं को मैदान में उतार कर विधायक बना चुकी है, जिससे भाजपा ब्राह्मण मतदाताओं को साधने के लिए राम औतार बबलू पाठक को पन्ना विधानसभा से टिकट देकर मैदान में उतर सकती है। श्री पाठक लगातार संघ से जुडे हुए है, तथा योग्यता भी सिविल इन्जीनियर किये हुए है। इन्हे विधानसभा क्षेत्र मे सबसे सरल, योग्य तथा हसमुख, मिलनसार व्यक्तित्व के रूप मे जाना जाता है, वह वर्ष 2013 में निर्दलीय चुनाव लडकर 22 हजार से अधिक मत प्राप्त कर चुके है। पारिवारिक पृष्ठ भूमि भी साफ एवं स्वच्छ छवि के रूप में जानी जाती है। वर्तमान में उनकी पत्नी नगर पालिका पन्ना से निर्विरोध पार्षद भाजपा से बनी थी। उनके द्वारा लगातार समाजिक क्षेत्र में भी अनेक कार्य किये गयें। श्री पाठक द्वारा क्षेत्र में लगभग एक दर्जन स्वास्थ शिविर लगाकर लोगो को स्वास्थ लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यदि भाजपा द्वारा श्री पाठक को पन्ना विधानसभा से टिकिट दी जाती है तो उनका जीतना निश्चित है। उन्हे सभी वर्ग, संम्प्रदाय, जाति, समाज के लोगो का आशीर्वाद प्राप्त है तथा वह लगातार पन्द्रह वर्षो से पन्ना विधानसभा में सक्रिय है। गांव-गांव में उन्हे लोग पसन्द करते है। गौरतलब है कि पन्ना विधानसभा में 290 मतदान केन्द्र है तथा दो लाख 45 हजार के लगभग मतदाता है।

## जिला जेल में कैदियों के लिए वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश सह सचिव राजेन्द्र कुमार पाटीदार की अध्यक्षता में जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न हुआ तथा उपस्थित न्यायधीशो द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समन्वय से जेल में बंदियों के लिए वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। समय पूर्व जमानत पर रिहाई के संबंध में बताया जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव राजेन्द्र कुमार पाटीदार ने शिविर में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी विशेष अभियान 2023 के तहत जिला जेल में निरूद्ध पात्र बंदियों के समय पूर्व जमानत पर रिहाई के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जेल अधीक्षक को निर्धारित प्रपत्र में सभी विचाराधीन बंदियों की जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उच्च न्यायालय के निर्णय के पालन में जिला जेल में निरूद्ध विदेशी मूल के बंदियों की जानकारी ली गई। इस दौरान विदेशी मूल का कोई नागरिक निरूद्ध नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान जारी निर्देशों और जेल मैनुअल के पालन में जेल प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही का जायजा भी लिया गया। बंदियों के स्वास्थ्य की ली जानकारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह शाक्य द्वारा प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देने के साथ ही बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता प्रदान किए जाने संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बंदियों के विधिक अधिकार व कर्त्तव्यों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में विचाराधीन पात्र बंदियों की समय पूर्व जमानत पर रिहाई के बारे में बताया। नालसा सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। जेल अधीक्षक आरपी मिश्रा ने आभार व्यक्त कर बंदियों से शिविर में प्राप्त जानकारी का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## विद्युत लाईन के खम्भों से तार चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में चोरो को अपनी जान की परवाह भी नही है तथा वह चोरी करने के लिए अपने प्राण भी दांव पर लगाकर घटना को अंजाम दे रहें है। चोरो द्वारा चलती हुई बिजली लाईन से तार काटकर भारी मात्रा में विद्युत तार की चोरी की गई। जिन्हे पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार का मामला देवेन्द्र नगर थाना का प्रकाश में आया है। जिसमें फरियादी लाईनमैन सीताराम कुशवाहा ने थाने में रिपोर्ट करते हुए बताया कि विद्युत तार चोरो द्वारा अलग-अलग तारीख को 29 खंबो के तार काटकर विद्युत तार चोरी की घटना को अंजाम दिया। उक्त शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपीयाके विरूद्ध विरूद्ध अप. क्र. 279/2023 धारा 379 भादवि कायम किया जाकर विवेचना में लिया तथा वरिष्ट अधिकारियो के निर्देशन मे चोरी करने वाले आरोपीयो को गिरफ्तार करने के लिए मुखबिर के माध्यम से सूचनाए एकत्रित की, इसी आधार पर 23 सितम्बर को मुखबिर सूचना के आधार पर मामले में 3 सन्देही व्यक्तियो को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूंछताछ की गई। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ पर उक्त संदेही व्यक्तियों द्वारा अपना अपना नाम प्रकाश सोधिया पिता दद्दी सोधिया उम्र 36 साल निवासी ग्राम करियाझर थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी, पंकज मिश्रा पिता सत्यनारायण मिश्रा उम्र 33 साल निवासी ग्राम करियाझर थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी, राम जी साकेत पिता गोविंद प्रसाद साकेत उम्र 31 साल निवासी ग्राम इटौरा थाना रामपुर बघेलान जिला सतना मप्र के होना बताया गया। उक्त आरोपियो के कब्जे से 2 क्विंटल 40 किलो तार कीमती 60,000 रुपये की जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेआर पर न्यायालय पन्ना पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के पालन को उपरोक्त आरोपीगणों को जिला जेल भेज दिया गया है। उक्तसम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरी. रतिराम प्रजापति, शक्ति प्रकाश पाण्डेय, टीडी नागर, राजेश प्रजापति, धीरेन्द्र सिंह, आनन्द बागरी, राम करण प्रजापति, राकेश पटेल, जयदेव गौतम, जीतेन्द्र आचाले, वीनस पाण्डेय, संजय बघेल, संतोष आर्य का योगदान रहा।

## कार्यशाला शुरू, नवरात्र के लिए युवा सीख रहे गरबा

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित संस्कृति गरबा महोत्सव की कार्यशाला भोपाल के 9 से अधिक स्थानों पर प्रारंभ हुई। इस कार्यशाला में पूरे 25 दिनों तक रास गरबा ग्रुप के प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा युवाओं को गरबा के पारंपरिक के साथ ही नई स्टेप्स सिखाई जायेगी। संत हिरदाराम नगर में गरबा प्रशिक्षण के दौरान युवाओं का अग्ल ही जोश नजर आ रहा है। हर कोई गरबे की ताल पर झूमता हुआ दिखाई दे रहा है। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि नवरात्रोत्सव के उल्लास और भक्तिमय वातावरण में गरबा नृत्य का आनंद लेने के लिए इस वर्ष प्रशिक्षण कार्यशाला 16 अक्टूबर तक रहेगी एवं गरबे का मुख्य आयोजन 18 से 21 अक्टूबर को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में प्रतिदिन रात 8 बजे से 11 बजे तक किया जायेगा।

## घर से अचानक गायब हुआ युवक, पुलिस ने किया गुम इंसान कायम

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय निवासी मोहित कुशवाहा पिता जीतेन्द्र कुशवाहा उम्र 24 वर्ष निवासी बैनी सागर वार्ड क्रमांक 12 माया डीलक्स के पास वह अचानक 23 सितम्बर को तीन बजे घर से छतरपुर के लिए निजी बस से जाते हुए देखा गया। परिवारवालो को बिना सूचना दिये अचानक इकलौते पुत्र के गायब हो जाने से माता पिता परेशान है। परिवारजनो ने पन्ना कोतवाली में गुम इंसान का मामला कायम किया है। किन कारणो के चलते मोहित घर से बिना बताये चला गया। इसका अभी कोई पता नही चल रहा है।



## नशा मुक्ति को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**पन्ना, देशबन्धु।** जिले को नशामुक्त बनाने के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन तथा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा पूरे जिले में अवैध शराब के खिलाफ मुहीम छेड रखी है तथा लगातार अवैध शराब पर रोक लगाने एवं विक्रय कराने वालो के खिलाफअभियान चला रखा है। इसी कडी मे उक्त संगठन द्वारा 24 सितम्बर को पन्ना जिला मुख्यालय में रैली निकाली तथा नशा छोडने के लिए लोगो से आवाहन किया।

उक्त रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पंहुची तथा पुलिस अधीक्षक के नाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसपी सिंह बघेल को ज्ञापन सौंपा तथा जिले को नशा मुक्त करने के लिए कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हमारे संगठन द्वारा समाज में नशा मांस, भय-भूख-भ्रष्टाचार जातिभेद-छुआछूत सांप्रदायिकता से मुक्त रखने एवं मनुष्य को चेतनावान चरित्रवान बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। तथा इसके लिए प्रशासन तथा पुलिस के सहयोग की अति आवश्यकता है। उक्त नशा मुक्त रैली मे सैकडो की संख्या में संगठन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, महिला सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

ज्ञापन के दौरान भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा पन्ना जिला अध्यक्ष संजय पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शारदा पाठक, राजू लोधी, महासचिव गजेन्द्र साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल यादव, प्रवक्ता रामेश्वर धुर्वे, बब्लू यादव, रामसिंह, मेवालाल, नत्थू सेन, अरविंद कचेर सहित भारी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# बचे हुए अधिकारियों को भी समिति में सदस्य बनाएं: प्रसाद



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्किल अधिकारी सहकारी साख समिति की आम सभा का आयोजन आज समन्वय भवन सभागार में हुआ। इस सभा में नीरज प्रसाद महाप्रबंधक नेटवर्क 3 ने मुख्य अतिथि के रूप में सभी उपस्थित अधिकारियों के समक्ष सहकारी साख समिति की महत्ता और उसके उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि समिति अपने सदस्य का ख्याल किस तरह रखती है।

श्री प्रसाद ने सहकारी साख समिति के अध्यक्ष से अपील की, कि जो भी अधिकारी समिति के सदस्य नहीं बने हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द सदस्य बनवाकर लाभान्वित करें। सभा में बैंक के उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी दीपक कुमार झा ने भी शीघ्र ही सभी बचे हुए अधिकारियों को भी समिति से जोड़ने का आव्हान किया। प्रारंभ में अतिथियों के द्वारा आमसभा का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष सुरेश बाबू मीना ने स्वागत वक्तव्य में बताया कि आने वाले समय में समिति अपने मेंबरों के लिए अनेक कार्य करेगी जिसमें समिति द्वारा हाउसिंग सोसायटी को शुरु करना मुख्य है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील तिवारी और डायरेक्टर संजीव मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आम सभा का संचालन उमाकांत मिश्रा द्वारा किया गया। वहीं व्यावसायिक सत्र में समिति के कामकाज का लेखा-जोखा का प्रस्तुत किया गया और आमसभा के सामने जो भी प्रतिवेदन लाए गए उनको इस आम सभा के द्वारा स्वीकृत कराया गया ।

## 32 खेल हस्तियां एनएसटी अवॉर्ड से हुईं सम्मानित

**भोपाल, देशबन्धु।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के सभागार में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी सौरभ वर्मा (मप्र खेल रत्न), घुड़सावार राजू सिंह (स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर), जुडोका हिमांसी टोकस, पैरा तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया, क्रिकेटर अनुभव अग्रवाल, पृथ्वीराज सिंह तोमर, शूटर आशी चौकसे, बाक्सर जिज्ञासा सहित मध्यप्रदेश की कुल 32 खेल हस्तियां 28वें नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स (एनएसटी) अवार्ड से सम्मानित हुईं। समारोह में कुलविंदर सिंह गिल को लाइफ टाइम अवॉर्ड एवं राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी रिंकू-जयेश आचार्य (दंपति) को संयुक्त रूप से टेबल टेनिस को प्रदेश में प्रमोट करने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में आशी चौकसे, राजू सिंह, रोहिणी कलम गुवांझू एशियन गेम्स में हिस्सा लेने की वजह से समारोह में मौजूद नहीं थे। उनका अवार्ड उनके परिजनों एवं कोच ने ग्रहण किया। समारोह में राहुल सिंह पैरा बैडमिंटन, रामभरन यादव पैरा क्रिकेटर को विशेष अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा कार्यक्रम में श्रेष्ठ खिलाड़ी, प्रतिभा खिलाड़ी, कोच, खेल प्रमोटर, खेल पत्रकार, स्पेशल खिलाड़ी, खेल संस्थान, स्कूल एवं क्लब अवार्ड से भी खिलाडियों को सम्मानित किया गया।

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि./यां) संभाग सागर

फोन नं. 07582-221289 ईमेल आईडी. cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.09/2023-24 केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर, दिनांक 29.05.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता परीक्षा वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय(माह में (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ PWDRB_ 310274-1 | प्रथम आमंत्रण | मोकलपुर चौराहे से मढ़खेरा जागीर मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लम्बाई 9.20 कि.मी. | सागर | 1249.07 | 1000000/- | 30000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 22.09.2023 समय 10.30 बजे से दिनांक 06.10.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-14081/23

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि. संभाग सागर**

### कार्यालय कार्यपालक अभियंता भवन, लोक निर्माण विभाग

तहसील केम्पस संभाग सागर म.प्र.

आईटी नं.- 24/2023 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / सा / एपीडी / सागर दिनांक 04.09.2023

नम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्रं. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां तकनीकी बिड भौतिक रुप से सत्यापित जावेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_ PWPIU_ 306219_1 | जैसीनगर जिला सागर में एस.डी.एम./एस.डी. ओ. कार्यालय भवन एवं 01 नग एफ टाईप आवासगृह निर्माण कार्य ( प्रथम आमंत्रण) | सागर | 144.10 | 144101 | 12500/- | 12 माह | मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2 | 2023_ PWPIU_ 306218_1 | बांदरी जिला सागर में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन एवं 01 नग जी 01 नग एफ टाईप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सागर | 616.65 | 616615 | 20000/- | 16 माह | मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/ डेबिट/ कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 11.09.2023 समय 10.30 से दिनांक 25.09.2023 समय 17.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

जी-20129/23

**कार्यपालन यंत्री ( भवन )**
**लोक निर्माण विभाग संभाग सागर**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सागर (म. प्र.)

दूरभाष 07582 224269 E-mail- eephe_sagar@yahoo.co.in

क्रं. 2492/निविदा प्रकोष्ठ / का.यं./लो.स्वा.यां. / खण्ड, सागर दिनॉक 18.09.2023

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से सागर जिले के लोक स्वास्थय यंत्रिकीय विभाग खण्ड सागर क्षेत्रांतर्गत में आनलाईन निविदा http://www.mptenders.gov.in दिनांक 27.09.2023 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है ।

| सं. क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रं. 46/ 18.09.2023 | 2023_PHED_ 308964_1 | नलकूप, रिर्चाजिंग पिट / एवं रिर्चाजिंग शाफ्ट निर्माण कार्य | जिला सागर | 199.46 | 199460/- | रू.12500/- |

निविदा में संशोधन ऑनलाईन ही देंखे जा सकेगें।

जी-20151/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सागर**

### कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर (म.प्र.)

07582-236278, स्न्ड्डुx= 07582-236278, E-mail: ccfre.sgr@mp.gov.in

**ई - निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर के अधीन रोपणी कार्यों एवं निर्माण कार्यों हेतु वर्ष 2023-24 ( दिनांक 31.10.2024 अथवा आगामी निविदा होने तक जो भी पश्चातवर्ती होगा) लगने वाली निम्नानुसार रोपणी उपयोग / भण्डार सामग्री के लिये ई-निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं www.mpforest.gov.in से प्राप्त कर सकते है ।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 1500.00 तथा सत्यांकर की राशि रूपये 1,50,000 (एक लाख पचास हजार रूपये मात्र) है, निविदायें ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

अनुमानित मात्रा का विवरण

1.सामग्री क्रय हेतु निविदा की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।

**निविदा प्रपत्र**

| क्रं. | सामग्री का नाम | इकाई | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | आयरन पोल्स | कि.ग्रा. | 1052 नग 2.5 मी. ऊँचाई |
| 2 | चेनलिंक फेसिंग | वर्ग मी. | 4380 र.मी. 2 मी. ऊँचाई |
| 3 | बारबेड वायर | कि.ग्रा. | 939 कि.ग्रा. |

2.निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है -

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date and Time | 22-09-2023 10.00 AM | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है |
| Document Download Tender Sale Start Date and Time | 25-09-2023 10.00 AM | |
| Bid Submission Start Date and Time | 26-09-2023 11.00 AM | |
| Bid Submission Close Date and Time | 12-10-2023 01.00 PM | |
| Bid Openning Date and Time | 13-10-2023 04.00 PM | |

जी-20131/23

**वनसंरक्षक**
**सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक (07581) 240050, email-eephedkhurai@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खण्ड खुरई जिला सागर में निम्नलिखित कार्यो हेतु आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30/ 21.09.23 | 2023_ PHED_ 310398_1 | जैसीनगर | Horizontal Drilling to increasing the yield of Dugwell for PWSS including all allied works at village of (1) Sarkhadi (2) Jaisinagar (3) Masurhai (04 Places) of Block Jaisinagar | 16.55 | 33100/- | 2000/- | 90 दिवस | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |
| 1 | 31/ 21.09.23 | 2023_ PHED_ 310401_1 | राहतगढ़ | Horizontal Drilling to increasing the yield of Dugwell for PWSS including all allied works at village (1) Isharwara (02 Places) (2) Basia Bansa (02 Places) (3) Hasrai (4) Killai (02 Places) of Block Rahatgarh and Jaisinagar | 19.31 | 38620/- | 2000/- | 90 दिवस | --तदैव |

आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 22.09.2023 From 15.00
आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय कर अपलोड करने की अंतिम तिथि 30.09.2023 Upto 17.30
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि 03.10.2023
निविदा फार्म उपरोक्त वेबसाइट पर आफ लाईन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

जी-20165/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खुरई जिला सागर म.प्र.**


देश ने किया नारी शक्ति को वंदन
मोदी जी का अभिनंदन
नारी शक्ति वंदन अधिनियम
लोकसभा-विधानसभा में
महिलाओं को 33% आरक्षण
D-11119/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी/2023




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।